www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173
सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान
बाजार
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की क्रांति, 'मेड इन इंडिया' की दुनिया में धूम
मेडिकल कॉलेज का वार्ड ब्वॉय सूदखोरी में गिरफ्तार 04

वर्ष :09 | अंक :73 | मुंबई , बुधवार , 03 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ से जूझ रहे पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए हरियाणा ने बढ़ाया मदद का हाथ, भेजे 5-5 करोड़

हरियाणा सरकार ने बाढ़ प्रभावित पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है। इस संकट के दौरान राहत उपायों के तहत, राज्य ने पंजाब और जम्मू-कश्मीर दोनों के लिए 5-5 करोड़ रुपये जारी किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस धनराशि का उपयोग राहत कार्यों और बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए किया जाएगा। इस कदम को पड़ोसी राज्यों के प्रति एकजुटता, सहयोग और सहानुभूति के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों को नायब सैनी ने पत्र भी लिखा है। पत्र को साझा करते हुए सैनी ने एक्स पर लिखा कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आई भीषण बारिश व बाढ़ से उत्पन्न हालात बेहद दुखद हैं। इस संकट की घड़ी में हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशि भेजी गई है। यह मदद राहत और बचाव कार्यों में सहायक होगी और प्रभावित परिवारों तक त्वरित सहायता पहुँचाने में मदद करेगी।

# ये गालियां मेरी मां का नहीं, बल्कि हर मां-बेटी का अपमान है:पीएम मोदी

## भावुक होकर बोले पीएम मोदी , माई के स्थान देवता-पीतर से भी ऊपर होला

शुभारंभ

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि मैं जानता हूँ... आप सभी को, बिहार की हर माँ को, ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा होगा! मुझे पता है, जितना दर्द मेरे दिल में है, उतना ही दर्द बिहार के लोगों को भी है। उन्होंने कहा कि मेरी माँ ने मुझे अपने से अलग कर दिया ताकि मैं आप जैसी करोड़ों माताओं की सेवा कर सकूँ।

एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि कांग्रेस के मंच से उनकी माँ को गालियाँ दी जाएँगी। मोदी ने कहा कि माँ हमारा संसार है। माँ हमारा स्वाभिमान है। इस संस्कार संपन्न बिहार में कुछ दिन पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में फखऊ-कांग्रेस के मंच से मेरी माँ को गालियाँ दी गईं। ये गालियाँ सिर्फ.मेरी माँ का अपमान नहीं हैं। ये देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि मैं जानता हूँ... आप सभी को, बिहार की हर माँ को, ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा होगा! मुझे पता है, जितना दर्द मेरे दिल में है, उतना ही दर्द बिहार के लोगों को भी है। उन्होंने कहा कि मेरी माँ ने मुझे अपने से अलग कर दिया ताकि मैं आप जैसी करोड़ों माताओं की सेवा कर सकूँ। आप सब जानते हैं कि अब मेरी माँ जीवित नहीं हैं। कुछ समय पहले, 100 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद, वो हम सबको छोड़कर चली गईं।

'मेरी मां ने मुझे देश सेवा का आशीर्वाद दिया'

### सेमीकॉन इंडिया 2025: पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले- भारत के साथ सेमीकंडक्टर में भविष्य बनाने को दुनिया तैयार

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमीकॉन इंडिया 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत का पहला स्वदेश निर्मित विक्रम-32-बिट प्रोसेसर चिप भेंट किया, जो देश की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) द्वारा विकसित, विक्रम चिप देश का पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे विशेष रूप से अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान की कठिन परिस्थितियों के लिए डिजाइन और योग्य बनाया गया है।



### आरजेडी-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई'

भावुक होकर पीएम ने कहा कि मुझे मां ने देश की सेवा के लिए जाने की इजाजत दी. अब मेरी मां का शरीर इस दुनिया में नहीं है. कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो चली गई. मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है. जिसका शरीर भी अब नहीं है, मेरी उस मां को आरजेडी-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई. माताओं और बहनों के मैं चेहरे देख रहा हूं, आपको भी कितना दर्द हुआ होगा. कुछ माताओं के आंखों में मुझे आंसू भी नजर आ रहे हैं.

# पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत

## उत्तराखंड में स्कूल बंद; दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कॉलोनियां खाली कराई गई

उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है।

एजेंसी



पठानकोट , पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट् ?टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है।हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68% ज्यादा (256.8) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, उधमपुर जिले में लैंडस्लाइड

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में भारी बारिश जारी है। उधमपुर जिले में लैंडस्लाइड हो रही है। बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर मरम्मत कार्य रोकना बड़ा। इससे जखनी से चेनानी तक वाहनों को जाने से रोक दिया गया।

### पंजाब: 12 जिलों में बाढ़, कल भी भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने पंजाब में अगले 36 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 12 जिले अमृतसर, गुरदासपुर, मोगा, पठानकोट, तरनतारन, फिरोजपुर, होशियारपुर, पटियाला, मोहाली, कपूरथला, जालंधर और लुधियाना बाढ़ की चपेट में हैं।

### दिल्ली के मोनेस्ट्री बाजार में दुकानदारों ने दुकानों से सामान निकाला

दिल्ली के मोनेस्ट्री बाजार में दुकानदार बारिश-बाढ़ के बाद अपनी दुकानों से सामान निकाल रहे हैं। एक दुकानदार ने बताया कि मौसम को देखते हुए आने वाले 4-5 दिन बाजार बंद रहेगा।

### दिल्ली में बाढ़ का अलर्ट: यमुना का लोहा पुल बंद, यातायात डायवर्ट, सीएम बोलीं- हालात काबू में

दिल्ली यातायात पुलिस ने मंगलवार को एक परामर्श जारी कर कहा कि यमुना में बढ़ते जलस्तर के कारण लोहा पुल, जिसे पुराना लोहे का पुल भी कहा जाता है, शाम 4 बजे से अगली सूचना तक बंद रहेगा। साथ ही हनुमान सेतु, राजा राम कोहली मार्ग और गीता कॉलोनी रोड के रास्ते यातायात के संभावित परिवर्तन के बारे में यात्रियों को चेतावनी दी गई है, तथा लोगों से सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुनने और लोहा पुल तथा इसके आस-पास के हिस्सों में व्यवधान के लिए अतिरिक्त समय के साथ यात्रा करने का आग्रह किया है। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली के लोहा पुल के पास बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर पहुँच जाने के कारण पुल के आसपास यातायात और आम लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। अपने दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री ने निवासियों से बातचीत की और कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी शाम तक राष्ट्रीय राजधानी पहुँचने की उम्मीद है और प्रभावित परिवारों के रहने की व्यवस्था कर दी गई है। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि स्थिति नियंत्रण में है।

# यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगी नई उड़ान, योगी कैबिनेट ने लिया ऐतिहासिक फैसला

### योगी सरकार की इस नीति से यूपी में रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा

नई नीति से यूपी बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब, राष्ट्रीय स्तर पर यूपी की आत्मनिर्भरता को मिलेगी मजबूती. विभाजन विलेख पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस को अधिकतम 5,000 रुपये तक सीमित करने का लिया फैसला .

एजेंसी



- पारिवारिक संपत्ति बंटवारे पर योगी सरकार ने दी स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में राहत
- नई व्यवस्था से पारिवारिक विवाद होंगे कम, संपत्ति का सौहार्दपूर्ण बंटवारा होगा संभव

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने की दिशा में ऐतिहासिक फैसला लिया गया। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 को मंजूरी दी, जो अगले 6 वर्षों तक प्रदेश में डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा देगी। योगी सरकार की इस नीति से 5,000 करोड़ रुपये के निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यूपी का आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता होगी सुनिश्चित प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने बताया कि पिछले 8 वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 2015 में जहां केवल 2 यूनिट मोबाइल बनाती थीं, आज 300 यूनिट्स कार्यरत हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का उत्पादन 1.9 लाख करोड़ से बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मोबाइल फोन का निर्यात 1,500 करोड़ से 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है।

### ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा यूपी का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग इकोसिस्टम

योगी कैबिनेट ने केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के अनुरूप वढ एउटढ-2025 को लागू करने का फैसला किया, जो 1 अप्रैल, 2025 से 6 वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इस नीति के तहत उद्यमियों को केंद्र की योजना के समतुल्य अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे, जिससे यूपी का मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा। नीति का क्रियान्वयन शासन स्तर पर गठित नीति कार्यान्वयन इकाई और सशक्त समिति की देखरेख में नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा। इसके तहत डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा।

# भाजपा का दावा- पवन खेड़ा के पास 2 वोटर आईडी

## कांग्रेस नेता बोले- यही सवाल हम चुनाव आयोग से कर रहे; चुनाव आयोग ने खेड़ा को नोटिस भेजा

### खेड़ा बोले- नई दिल्ली में वोट कौन डाल रहा है

पवन खेड़ा ने आगे कहा, 'अब मैं चुनाव आयोग से जानना चाहता हूं कि नई दिल्ली विधानसभा में किससे वोट डलवाया जा रहा है मैं ये जानना चाहता हूं, मुझे वहां का सीसीटीवी फुटेज चाहिए। मेरा नाम अब तक उस विधानसभा की वोटर लिस्ट में क्यों हैमैं 2016 में वहां से शिफ्ट कर गया था। तब मैंने नाम कटवाने की पूरी प्रक्रिया का पालन किया था, फिर अभी तक नाम क्यों है। इसी बात को राहुल गांधी 7 अगस्त से आज तक चुनाव आयोग से पूछ रहे हैं, सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ये चल क्या रहा है"

एजेंसी



एएनआई से बात करते हुए, खेड़ा ने सीसीटीवी फुटेज की माँग की ताकि यह पता लगाया जा सके कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में उनके नाम पर किसे वोट डालने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से पूछा कि उनका नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की सूची में अभी भी क्यों है, जबकि उन्होंने इसे हटाने की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया था।

नई दिल्ली , लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी हैं। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने मंगलवार को कहा कि खेड़ा का नाम जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र (पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट) और नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र (नई दिल्ली लोकसभा सीट) की वोटर लिस्ट में है। मालवीय ने कहा- यह अब चुनाव आयोग के लिए जांच का विषय है कि आखिर पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी कैसे हैं और क्या उन्होंने एक से ज्यादा बार मतदान किया। यह चुनावी कानून का खुला उल्लंघन है।इस मामले में चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी किया है। वहीं, आरोप पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'कांग्रेस यही सवाल तो चुनाव आयोग से कर रही है। चुनाव आयोग की प्रक्रिया और काम करने की कार्यशैली पर ही हम सवाल उठा रहे हैं।' 'अमित मालवीय बार-बार चुनाव आयोग पर जो आरोप लगा रहे हैं, हमारे साथ आकर लगाइए ना।

### वोटर अधिकार यात्रा में गुम हुई बाइक! राहुल गांधी ने खोई बाइक के बदले दी नई पल्सर, दरभंगा के युवक का जीता दिल

एजेंसी

एक राजनीतिक रोड शो में अप्रत्याशित मोड़ तब आया जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में बिहार के दरभंगा के एक ढाबा मालिक को एक बिल्कुल नई पल्सर 220 बाइक उपहार में दी, जिसकी मोटरसाइकिल एक रैली के दौरान गायब हो गई थी।यह घटना 27 अगस्त को हुई, जब राहुल गांधी अपनी मतदाता अधिकार यात्रा के तहत दरभंगा में एक रोड शो और रैली कर रहे थे।

# 'आज पंजाब संकट में है', केजरीवाल की मदद की गुहार

### आप विधायक एक महीने का वेतन दान करेंगे

एक्स पर एक पोस्ट में, केजरीवाल ने कहा कि पंजाब देश पर आए किसी भी संकट का सामना करने के लिए हमेशा डटकर खड़ा रहा है। आज, पंजाब खुद संकट में है। मैं अपने सभी देशवासियों से इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करने की अपील करता हूँ।

एजेंसी




आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पंजाब के लिए देशव्यापी समर्थन की अपील की। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी के सांसद और विधायक पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में एक महीने का वेतन देंगे। आप नेता की यह अपील ऐसे समय में आई है जब पंजाब भारी बारिश और बाढ़ के बाद की स्थिति से जूझ रहा है, जिससे कई जिलों में व्यापक क्षति और विस्थापन हुआ है। एक्स पर एक पोस्ट में, केजरीवाल ने कहा कि पंजाब देश पर आए किसी भी संकट का सामना करने के लिए हमेशा डटकर खड़ा रहा है। आज, पंजाब खुद संकट में है। मैं अपने सभी देशवासियों से इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करने की अपील करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी सांसद और विधायक पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में एक महीने का वेतन दान कर रहे हैं। आइए हम सब मिलकर पंजाब को इस भयानक त्रासदी से उबरने में मदद करें।पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री एस हरदीप सिंह मुंडियन के अनुसार, बाढ़ ने 12 जिलों में 2.56 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है

# शरजील इमाम और उमर खालिद समेत अन्य आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

### जेल में ही रहेंगे दिल्ली दंगों के 'मास्टरमाइंड'

हम आपको बता दें कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों को पाँच साल बीत चुके हैं। ज़िला पुलिस द्वारा दंगा, आगजनी और अवैध भीड़ से जुड़े 695 मामलों में से अब तक 109 मामलों में अदालतें फैसला सुना चुकी हैं। फरवरी 2020 में 24 से 26 तारीख के बीच भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में 53 लोग मारे गए थे।

एजेंसी



दिल्ली हाईकोर्ट ने आज 2020 के दिल्ली दंगों की बड़ी साज़िश से जुड़े मामले में 18 में से 10 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपियों में शरजील इमाम, उमर खालिद सहित कई अन्य शामिल हैं। इन सभी की गिरफ्तारी को पाँच साल बीत चुके हैं। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की खंडपीठ ने उनकी जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाया। अन्य आरोपियों में आतहर खान, अब्दुल खालिद सैफी, मोहम्मद सलीम खान, शिफाउर रहमान, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा और शादाब अहमद शामिल हैं।

बरसे

## राहुल-तेजस्वी पर बरसे विजय कुमार सिन्हा

# पूरी तरह से ड्रामा पर उतर आए हैं अप्पू और पप्पू

एजेंसी



विजय कुमार सिन्हा ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी तमाशा करना चाहते हैं। जो भ्रष्टाचार की माँ की गोद में पला-बढ़ा हो, जिसने उग्रवाद, अपराध, भ्रष्टाचार को पाला हो, वो 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानकर उनकी सेवा करने वाले देशभक्त के बारे में कुछ भी कहे, जनता विश्वास नहीं करेगी।

नई दिल्ली: बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और बिहार के नेता तेजस्वी यादव पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए उन्हें अप्पू और पप्पू करार दिया। सिन्हा ने दोनों विपक्षी नेताओं पर सनातनी संस्कृति को नुकसान पहुँचाने और लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाया। बिहार के उपमुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए 'अप्पू' और 'पप्पू' दोनों ही करुणा की राजनीति में लिप्त हैं। वे बिहार को गाली देने वालों का सम्मान करते हैं। वे लोकतंत्र के विध्वंसक हैं। वे हमारी सनातनी संस्कृति को भी नुकसान पहुँचाते हैं। वे सबसे बड़े डाकू हैं। हालाँकि, जनता उन्हें सबक सिखाएगी। विजय कुमार सिन्हा ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी तमाशा करना चाहते हैं। जो भ्रष्टाचार की माँ की गोद में पला-बढ़ा हो, जिसने उग्रवाद, अपराध, भ्रष्टाचार को पाला हो, वो 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानकर उनकी सेवा करने वाले देशभक्त के बारे में कुछ भी कहे, जनता विश्वास नहीं करेगी। ये दोनों, अप्पू और पप्पू, पूरी तरह से ड्रामा पर उतर आए हैं, अपने पद की गरिमा गिरा रहे हैं... संवैधानिक संस्था को बदनाम कर रहे हैं। भाजपा पर 'वोट चोरी' के आरोपों और भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा संशोधित मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई 16 दिवसीय यात्रा आज पटना में संपन्न हुई। यह रैली 18 अगस्त को सासाराम में राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के साथ शुरू हुई थी। वहाँ से, यह रैली 25 जिलों से होते हुए औरंगाबाद, गयाजी, सीवान और अन्य जिलों तक पहुँची। कई अन्य भारतीय ब्लॉक नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर यात्रा में भाग लिया। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, सीपीआई (एमएल) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन रैली में शामिल हुए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी यात्रा में भाग लिया।

# दिग्विजय सिंह का आरोप, बिहार में भाजपा-जदयू भ्रष्टाचार के बने भागीदार



एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि बीजेपी और जेडीयू बिहार में भ्रष्टाचार में भागीदार बन गए हैं। पटना में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, सिंह ने कहा कि जहाँ भी डबल इंजन की सरकार है, वहाँ भ्रष्टाचार एक धंधे की तरह चल रहा है। सत्ताधारी दल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं...वे बिहार में भ्रष्टाचार में भागीदार बन गए हैं।

नई दिल्ली: वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि जहाँ भी डबल इंजन की सरकार है, वहाँ भ्रष्टाचार एक धंधे की तरह फल-फूल रहा है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि बीजेपी और जेडीयू बिहार में भ्रष्टाचार में भागीदार बन गए हैं। पटना में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, सिंह ने कहा कि जहाँ भी डबल इंजन की सरकार है, वहाँ भ्रष्टाचार एक धंधे की तरह चल रहा है। सत्ताधारी दल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं...वे बिहार में भ्रष्टाचार में भागीदार बन गए हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ₹हाइड्रोजन बम₹ वाली टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया था कि इससे भाजपा का पर्दाफाश होगा,


वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हाइड्रोजन बम का इंतजार कीजिए। सोमवार को, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा को एक आसन्न खुलासे की चेतावनी देते हुए कहा कि वह जल्द ही वोट चोरी के अपने आरोपों पर एक हाइड्रोजन बम छोड़ेंगे।


## सम्पादकीय

### एआई की सब तक पहुंच जरूरी, भारत तेजी से ग्लोबल इनोवेशन केंद्र के रूप में उभर रहा

यह दृष्टिकोण विभिन्न प्रोफेशनल्स को समर्थ बनाएगा। जहां फैक्ट्री कर्मचारी क्वालिटी कंट्रोल के लिए एआई का उपयोग कर सकेंगे वहीं शिक्षक व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान करने के लिए एआई की मदद ले सकेंगे। वे टेक्नोलाजी का अधिक आत्मविश्वास के साथ उपयोग करेंगे जिससे इंटेलिजेंट युग में भारत की सफलता सुनिश्चित होगी। भारत का उद्देश्य 2047 तक एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनना है। इस परिवर्तन में टेक्नोलाजी की मुख्य भूमिका रहने वाली है, जिसका नेतृत्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक करेगी। भारत में आधार से लेकर यूपीआई तक डिजिटल सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने व्यापक समावेशन की नींव तैयार कर दी है। आधार दुनिया का सबसे बड़ा बायोमीट्रिक आईडी सिस्टम है। इसने 100 करोड़ से अधिक नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सक्षम बनाया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है, जिसके तहत 2025 के पहले पांच महीनों में ही 101 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन हुए हैं। इसरो और आईआईटी जैसे संस्थानों ने यह दिखाया है कि जब भारत निर्माण करता है, तो उसका लाभ पूरे विश्व को मिलता है। आईआईटी जैसे शिक्षा संस्थानों ने विश्व अर्थव्यवस्था में अनुमानित 300 से 400 अरब डालर का योगदान दिया है, पर इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इन संस्थानों ने भारत की जरूरत के अनुसार समस्या समाधान की संस्कृति का निर्माण किया है। पेटेंट फाइलिंग में आईआईटी प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जिससे शोध और इनोवेशन में उनकी भूमिका स्पष्ट होती है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स-2024 में भारत का स्थान 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 39वें स्थान पर आ गया है, जो इस गति को दशार्ता है। स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे अभियानों और मजबूत नीतियों के साथ भारत तेजी से एक ग्लोबल इनोवेशन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत में अगला बड़ा परिवर्तन एआई की ओर होगा। इसकी नींव इनोवेशन की संस्कृति द्वारा तैयार हो रही है। एआई ने हमारे सीखने, खेती करने, इलाज करने और शासन करने के तरीकों में परिवर्तन लाना शुरू कर दिया है, लेकिन इसकी वास्तविक सामर्थ्य इसमें निहित है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं। हम एआई की मदद से केवल आउटपुट को ही बेहतर नहीं कर सकते, बल्कि असमानता को दूर करते हुए उपलब्धता और अवसरों का विस्तार भी कर सकते हैं। एक्वाकनेक्ट और फाइलो जैसे स्टार्टअप एआई की मदद से किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने, पानी का प्रभावशाली उपयोग करने तथा लागत कम करके लाखों लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर रहे हैं।

## आज का विचार




**मेष राशि:** कारोबार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और आपको सफलता प्राप्त होगी। सौभाग्य का साथ मिलने से आप खरीदारी भी कर सकते हैं और कार्यक्षेत्र में ईमानदारी से काम करने का फल प्राप्त होगा। व्यापार के मामले में भी दिन अच्छा रहने वाला है और आपको लाभ कमाने के मौके मिलेंगे।

**वृषभ राशि :** आर्थिक मामलों में यह समय अनुकूल रहने वाला है वाला है और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कारोबार का विस्तार होने से मन प्रसन्न रहेगा और त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति भी बन सकती है। कुछ महत्वपूर्ण मामलों में आपके लिए सोच-समझकर फैसला लेना बेहद जरूरी होगा।

**मिथुन राशि :** नौकरी की तलाश करने वाले लोगों को कोई ऑफर या अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है और आप कुछ चीजों की खरीदारी करने भी जा सकते हैं। वहीं, कार्यक्षेत्र में जरूरत पड़ने पर सहकर्मियों की मदद न मिलने से मन निराश हो सकता है।

**कर्क राशि :** कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ सकता है और आप युवा वर्ग को प्रोत्साहित करने में भी सफलता हासिल करेंगे। लेकिन कोई भी महत्वपूर्ण फैसला सोच-समझकर लेना जरूरी होगा, अन्यथा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**सिंह राशि :** कार्यस्थल पर आपको किसी भी व्यक्ति से ज्यादा अपेक्षाएं या उम्मीदें रखने से बचना होगा। ऐसा करने से आपको नुकसान हो सकता है और संघर्ष का सामना करना पड़ेगा। व्यावसायिक मामलों में कोई भी फैसला लेते समय जल्दबाजी न करें।

**कन्या राशि:** आपको अपने आसपास तेजी से बदलाव देखने को मिल सकते हैं और लाभ कमाने के नए अवसर सामने आते जाएंगे। लेकिन आपको सफलता प्राप्त करने के प्रयास करने होंगे।

**तुला राशि :** आपके जीवन में एक नई शुरूआत हो सकती है। व्यवसाय के क्षेत्र में योजनाओं को पूरा कर लेने से आपका तनाव कम होगा और सुकून महसूस करेंगे। इसी के चलते आपको कई नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं, जिसके लिए आपको तैयार रहना होगा।

**वृश्चिक राशि :** व्यवसाय के क्षेत्र में आप ऊजार्वान रहकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं। आपके सामने कुछ संभव दिखने वाले कार्य और चुनौतियां आ सकती हैं। लेकिन अपनी समझदारी और सही निर्णय से आप इनका आसानी से समाधान निकाल लेंगे। लेकिन अपने आसपास आपको सही और गलत लोगों की पहचान करनी होगी।

**धनु राशि:** आपको किसी भी मामले में नकारात्मक विचारों से दूरी बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। कार्यक्षेत्र में कोई भी फैसला भावुक होकर न लें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। लेकिन किसी व्यक्ति की मदद से आपके जीवन में खुशी दस्तक दे सकती है।

**मकर राशि:** कार्यक्षेत्र में आपको नए विचारों के साथ आगे बढ़ना होगा। इससे सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। सोच-समझकर और धैर्य के साथ निर्णय लेना आपके लिए बेहतर होगा।

**कुंभ राशि :** व्यापार के मामले में आपको नए अवसरों को पहचानना होगा। सचेत न रहने से कोई सुनहरा मौका हाथ से निकल सकता है या आप किसी शानदार अनुभव से वंचित भी रह सकते हैं। आप कामकाज के सिलसिले में कुछ बदलाव भी कर सकते हैं और अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी।


**मीन राशि:** व्यावसायिक मामलों में आपको रचनात्मक कार्य करने की जरूरत हो सकती है। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर सोच-समझकर फैसले लें और कटु वाणी का प्रयोग करने से बचें। आपको विवादों से भी दूरी बनाए रखनी होगी और कार्यक्षेत्र में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करने पर ध्यान देना पड़ सकता है। परिवार के मामले में आपको शांति बनाए रखनी होगी।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की क्रांति, 'मेड इन इंडिया' की दुनिया में धूम

> **"भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के बड़े विजन का हिस्सा है। यह डिजिटल इंडिया से शुरू हुई। इंडिया स्टैक यूपीआई आधार और टेलीकाम नेटवर्क ने हर भारतीय को तकनीक उपलब्ध कराई। हमने इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन इकोसिस्टम को भी मजबूत किया है। अब हम सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रानिक कंपोनेंट्स और उपकरणों के निर्माण का इकोसिस्टम बना रहे हैं।"**

पा शुरूआती दिनों में कंप्यूटर आज के आधुनिक और आकर्षक उपकरणों के बजाय पुराने टेलीफोन एक्सचेंज जैसे दिखते थे। अब अरबों ट्रांजिस्टर वाले एक नाखून से भी छोटे चिप में कहीं अधिक शक्ति समाई हुई है। ये चिप्स मोबाइल फोन, कार, ट्रेन, फ्रिज, टीवी, स्कूटी, फैक्ट्री मशीनों, हवाई जहाजों को चलाते हैं और उपग्रहों को भी दिशा दिखाते हैं। ये इतने छोटे हैं कि अब आपकी अंगुली में भी फिट होकर आपके दिल की सेहत तक नापते हैं। यही सेमीकंडक्टर का जादू है। किसी भी राष्ट्र की तरक्की के लिए जरूरी है कि वह अपने विकास के प्रमुख क्षेत्रों– स्टील, बिजली, दूरसंचार, रसायन और परिवहन आदि में महारत हासिल करे। सेमीकंडक्टर भी अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह लगभग हर चीज के अंदर छिपा है, चाहे वे स्मार्टफोन, कार, ट्रेन, मेडिकल डिवाइस हों या फिर एआई, रक्षा प्रणाली, पावर ग्रिड, सेटेलाइट। सेमीकंडक्टर के बिना डिजिटल अर्थव्यवस्था संभव नहीं है। इनके बिना आधुनिक संचार, डाटा प्रोसेसिंग, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा या सुरक्षित रक्षा प्रणाली की कल्पना नहीं की जा सकती। जो देश सेमीकंडक्टर का डिजाइन और उत्पादन नहीं कर सकता,



वह स्वास्थ्य से लेकर सुरक्षा तक अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाता है। सेमीकंडक्टर में मजबूती पाना भविष्य को आकार देने का सवाल है। कोविड महामारी ने हमें सेमीकंडक्टर की अहमियत बताई। उस समय जब चिप की ग्लोबल सप्लाई चेन डगमगाई तो तमाम उद्योगों का उत्पादन प्रभावित होने से अरबों रुपये का नुकसान हुआ। आज सेमीकंडक्टर वैश्विक राजनीति के केंद्र में हैं। चिप बनाने का काम अभी सिर्फ कुछ गिने–चुने देशों में ही होता है। इसलिए जरा–सी रुकावट पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। हाल में रेयर अर्थ मैग्नेट पर बढ़ता ध्यान हमें याद दिलाता है कि किस तरह महत्वपूर्ण संसाधनों पर नियंत्रण वैश्विक शक्ति का स्वरूप तय करता है। डिजिटल युग का सबसे अहम संसाधन बन चुके सेमीकंडक्टर की मांग और तेजी से बढ़ेगी। भारत में इलेक्ट्रानिक्स की खपत और उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। आज हमारे पास 65 करोड़ से ज्यादा स्मार्टफोन यूजर्स हैं और इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग सालाना 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हम एआई आधारित सिस्टम, डाटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन भी विकसित कर रहे हैं, जिनमें चिप्स की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में अपनी मजबूत जगह बनाए। दशकों तक यह कहा जाता रहा कि सेमीकंडक्टर की दौड़ में भारत पीछे छूट गया है। अब यह सच नहीं। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 10 चिप प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इस साल पहला मेड इन इंडिया चिप बाजार में आ जाएगा। गुजरात के साणंद में एक यूनिट में पायलट प्रोडक्शन लाइन शुरू हो चुकी है। एक साल में चार और यूनिट्स के उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। एप्लाइड मटेरियल्स, लैम रिसर्च, मर्क और लिंडे जैसी ग्लोब कंपनियां भी भारत में फैक्ट्रियों और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने में निवेश कर रही हैं। भारत की असली ताकत उसके लोग हैं। इसका सही उपयोग करने के लिए नीतियां और निवेश जरूरी हैं। आज भारत के पास वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन कार्यबल का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। अनुमान है अगले दशक की शुरूआत तक दुनिया में 10 लाख से ज्यादा सेमीकंडक्टर प्रोफेशनल्स की कमी होगी। भारत इस कमी को पूरा करने की तैयारी कर रहा है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विश्वस्तरीय इलेक्ट्रानिक डिजाइन आटोमेशन (ईडीए) टूल्स का उपयोग 350 संस्थाओं और स्टार्टअप्स के 60,000 से अधिक लोग कर रहे हैं। 2025 में ही इनका इस्तेमाल 1.2 करोड़ घंटे से अधिक हो चुका है। सरकार के सपोर्ट से स्टार्टअप्स भारत के चिप डिजाइन इकोसिस्टम को नई ऊर्जा दे रहे हैं। माइंडग्रोव टेक्नोलाजीज ऐसी आईओटी चिप्स बना रही है, जो आईआईटी, मद्रास में विकसित किए गए स्वदेशी 'शक्ति' प्रोसेसर पर आधारित है। नेत्रसेमी नामक स्टार्टअप ने हाल में 107 करोड़ रुपये की रिकार्ड फंडिंग हासिल की है, जो भारत के डिजाइन स्पेस में सबसे बड़ा निवेश है। कई ऐसे स्टार्टअप सरकार की डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) योजना के तहत विकसित हो रहे हैं। मोहाली की सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी में 17 कालेजों के छात्रों ने अब तक 20 चिप्स बना लिए हैं। ग्लोबल कंपनियां भी भारतीय प्रतिभा में निवेश कर रही हैं। लैम रिसर्च भारत में 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगी। आईआईएससी, आईआईटी और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी से 'लैब से फैक्ट्री तक' कार्यबल तैयार हो रहा है। भारत अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ और सिंगापुर आदि से मिलकर केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए निर्माण करने में सक्षम बन रहा है।

# चीन-भारत के मिठास भरे संबंधों से नयी विश्व संरचना संभव

**ललित गर्ग**

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह उद्देश्यपूर्ण एवं वजहपूर्ण थी, क्योंकि बदलती दुनिया में हाथी और ड्रैगन का साथ-साथ चलना जरूरी हो गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच विश्व अर्थ-व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं, चीन में दिखे दोनों देशों के मिठासभरे संबंध अनेक नई आशाओं एवं उम्मीदों को नया आकाश देने वाले बनते हुए प्रतीत हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों में लंबे समय बाद सकारात्मकता की नई हवा बहती दिखाई दे रही है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों और अविश्वास को पीछे छोड़कर साझेदारी की नई इबारत लिखना चाहते हैं। यह मुलाकात केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सहयोग और संवाद की अपरिहार्यता को स्वीकार करने का प्रयास थी।

भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा। हालांकि सीमाई विवाद और विश्वास की कमी जैसे मुद्दे अब भी बने हुए हैं, परंतु यदि इन्हें परे रखकर साझा आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए तो यह संबंध नई ऊँचाइयों को छू सकते हैं। भारत और चीन के बीच यह संवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं



है, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे के बीच एशियाई शक्ति संतुलन को नई दिशा दे सकता है। यदि दोनों राष्ट्र व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करें तो न केवल तनाव कम होंगे, बल्कि विश्व राजनीति में एशिया की भूमिका भी मजबूत होगी। निश्चित ही लंबे समय से चली आ रही आपसी अविश्वास की दीवारों और तनाव की बर्फ को पिघलाने का प्रयास हुआ है।

सबसे पहले, इन वाताओं ने यह संकेत दिया है कि भारत और चीन अब केवल मतभेदों में उलझे रहने के बजाय साझेदारी की संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग की दिशा में नए आयाम खुल सकते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यदि यह संबंध संतुलन और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हो जाए, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अपार गति मिल सकती है। इस मुलाकात ने अमेरिका की 'दादागिरी' पर भी चोट की है। डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक आर्थिक नीतियां और संरक्षणवादी रुख एशिया के उभरते राष्ट्रों को नई गठबंधन राजनीति की ओर धकेल रहा है। भारत-चीन के बीच बढ़ती समझदारी और रूस की भूमिका के साथ एक 'त्रिकोणीय शक्ति' का उभार संभव है, जो पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देगा। यह न केवल शक्ति-संतुलन की नई धुरी बनेगा, बल्कि विश्व शांति और सौहार्द की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिखना स्वाभाविक है। भारत-चीन की नजदीकी पाकिस्तान के लिए असुविधा का कारण बनेगी, क्योंकि उसकी विदेश नीति लंबे समय से चीन पर आश्रित रही है।

भारत-चीन संबंधों का यह नया अध्याय यदि संतुलित, यथार्थवादी और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाया जाए तो एशिया ही नहीं, पूरे विश्व की राजनीति में एक स्थिरता और संतुलन स्थापित हो सकता है। यह विश्व को बहुध्रुवीय बनाने की दिशा में ठोस कदम होगा। लेकिन, इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी होगी। इतिहास गवाह है कि चीन के साथ हर मित्रवत वार्ता के पीछे उसका रणनीतिक हित गहराई से काम करता है। डोकलाम, गलवान और सीमाई विवाद आज भी अधर में हैं। चीन की आर्थिक नीतियों और विस्तारवादी प्रवृत्ति को अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए यह साझेदारी अवसर तो है, लेकिन चुनौती भी। भारत को यह ध्यान रखना होगा कि व्यापारिक रिश्तों और राजनीतिक साझेदारी में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा सर्वोपरि रहे। भारत को हर स्थिति में अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और रणनीतिक हितों के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहिए। भले ही शंघाई सहयोग संगठन में आतंकवाद से लड़ना भी शामिल हो, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन ने इस मुद्दे पर किस तरह भारतीय हितों के खिलाफ काम किया है। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर के समय चीन की भूमिका को ओझल नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके चीन भारत की निकटता वक्त की जरूरत है।

2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बढ़ा दिया। अमेरिका एवं चीन, अमेरिका एवं भारत के नये बने तनावपूर्ण माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिए हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है

। इस बयान के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात न केवल द्विपक्षीय रिश्तों को पुनर्परिभाषित करती है, बल्कि वैश्विक राजनीति पर भी गहरा असर डाल रही है। इस वार्ता को महज दो पड़ोसी देशों का संवाद मानना भूल होगी; यह इक्कीसवीं सदी के बदलते शक्ति समीकरणों का प्रतीक है, यह एक नये शक्ति का अभ्युदय दुनिया में संतुलन एवं शांति का सशक्त माध्यम बनेगा।

भारत, चीन और रूस के बीच बढ़ती नजदीकी वैश्विक शक्ति-संतुलन के नए युग की आहट देती है।

# मनुष्य के दखल से पृथ्वी की बदहाली ,प्राकृतिक असंतुलन चरम पर

**संजीव ठाकुर**

महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी किन्तु मनुष्य की लालसा के कारण हमें उद्योग धंधों का विकास तीव्र गति से करना पड़ा, मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया।जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं।

# मराठा आरक्षण विरोध: हम जीत गए...

## मनोज जरांगे का बड़ा ऐलान, सरकार ने मांगे मान ली, खत्म होगा अनशन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल ने आखिरकार आज पांचवें दिन अपना अनशन समाप्त कर दिया। मराठा कैबिनेट उप-समिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल और समिति के अन्य सदस्यों की ओर से की गई मुलाकात सफल रही। महाराष्ट्र सरकार ने मनोज जरांगे की 8 में से 6 मांगें मान ली हैं। इसके बाद सरकारी प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध पर मनोज जरांगे पाटिल ने जूस पीकर अपना अनशन वापस ले लिया। दरअसल मनोज जरांगे ने इच्छा जताई थी कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उप-मुख्यमंत्री आएं। लेकिन उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सभी निर्णय मुख्यमंत्री और दोनों उप-मुख्यमंत्रियों के मार्गदर्शन में ही लिए गए थे। इसके बाद मनोज जरांगे पाटिल ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। मनोज जरांगे पाटिल ने जब अपना अनशन समाप्त किया, तो आजाद मैदान में माहौल बेहद उत्सवी था। पूरे मैदान में गुलाल उड़ाया जा रहा था। इस दौरान मनोज जरांगे पाटिल की आंखों में खुशी के आंसू आ गए और वह बेहद भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए दिवाली है इस अवसर पर सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने मनोज जरांगे का अभिनंदन किया। प्रदर्शनकारियों ने मनोज जरांगे के नाम के नारे भी लगाए। इसके बाद वह मेडिकल जांच के लिए एंबुलेंस से आजाद मैदान से रवाना हुए। जरांगे की घोषणा से उनके समर्थकों में जहां जश्न का माहौल है, वहीं मुंबईवासियों को राहत मिली है। कुनबी दर्जा मिलने से मराठा समुदाय के सदस्य ओबीसी आरक्षण का दावा करने के पात्र हो जाएंगे, जो जरांगे की प्रमुख मांग है। इससे पहले दिन में बॉम्बे हाईकोर्ट ने जरांगे और प्रदर्शनकारियों को दोपहर तीन बजे तक आजाद मैदान खाली करने का निर्देश दिया था, क्योंकि वे बिना अनुमति के धरना दे रहे थे। बाद में, अदालत ने जरांगे के इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया कि उन्हें बुधवार सुबह तक अनशन स्थल पर ही रहने की अनुमति दी जाए। हाईकोर्ट की ओर से स्थिति से निपटने के तरीके को लेकर राज्य सरकार की खिंचाई करने और बुधवार सुबह तक कानून की गरिमा बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने की चेतावनी देने के बाद, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने दोपहर में विरोध स्थल पर जरांगे से मुलाकात की। महाराष्ट्र के



अलग-अलग हिस्सों से हजारों प्रदर्शनकारियों के साथ 29 अगस्त को जरांगे आजाद मैदान पहुंचे और ओबीसी श्रेणी के तहत मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों ने दक्षिण मुंबई की सड़कों पर कब्जा कर लिया। प्रदर्शनकारी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस परिसर में एकत्र थे जिससे लाखों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईकोर्ट ने प्रदर्शनकारियों को उनके अनियंत्रित व्यवहार के लिए फटकार लगाई और कहा कि वे सड़कों को गंदा कर रहे हैं और उन्हें अवरुद्ध कर रहे हैं, जिससे मुंबई सचमुच ठप हो गई है। विखे पाटिल और मंत्रिमंडलीय उप-समिति के अन्य सदस्यों से मुलाकात के बाद जरांगे ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि हम जीत गए हैं। उप-समिति ने हैदराबाद ह्यगजेटियरह्व को लागू करने की जरांगे की मांगों को स्वीकार कर लिया और कहा कि कुनबी रिकॉर्ड वाले मराठों को उचित जांच के बाद जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। जरांगे ने अपने समर्थकों के समक्ष समिति के मसौदा बिंदुओं को पढ़ते हुए कहा कि समिति ने हैदराबाद ह्यगजेटियरह्व को लागू करने की मांग स्वीकार कर ली है और तत्काल शासनादेश जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सतारा गजट का क्रियान्वयन एक महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समिति की ओर से दिए गए आश्वासन के अनुसार, मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पहले दर्ज किए गए मामले सितंबर के अंत तक वापस ले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह भी निर्णय लिया गया कि अब तक विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को शैक्षिक योग्यता के अनुसार एक सप्ताह के भीतर वित्तीय सहायता और सरकारी नौकरी दी जाएगी।

फास्ट ट्रैक

## नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट से टकराया पक्षी

### लड़खाया प्लेन, इमरजेंसी लैडिंग से बचे 272 यात्री

नागपुर : इंडिगो की एक फ्लाइट की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इंडिगो का प्लेन नागपुर से कोलकाता जा रहा था। प्लेन 6ए812 ने जैसे ही उड़ान भरी, हवा में एक पक्षी आकर इंजन से टकरा गया। प्लेन लड़खड़ाने लगा और उसमें खराबी आ गई। हालांकि तुरंत प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। प्लेन यात्रियों से खचाखच भरा था। सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगों का प्लेन नागपुर एयरपोर्ट से सुबह 272 यात्रियों को लेकर उड़ा। जैसे ही प्लेन ने एयरपोर्ट से टेकऑफ किया सामने एक पक्षी आ गया। पक्षी प्लेन के अगले हिस्से से टकराया। और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान प्लेन लड़खड़ा गया। यात्रियों में हड़कंप मच गया। उन्हें शांत रहने को कहा गया। सीनियर एयरपोर्ट डायरेक्टर आबिद रूही ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर क्या हुआ। एयरपोर्ट के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। निरीक्षण पूरा होने के बाद बयान जारी किया जाएगा।



# अरविन्द शर्मा बने महाराष्ट्र प्रदेश के अध्यक्ष

**अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोसिएशन द्वारा महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश प्रान्त में किया गया पुनर्गठन एवं विस्तार।**

संजय कुमार चतुर्वेदी को उत्तर प्रदेश राज्य का अध्यक्ष, कमल श्रीवास्तव को प्रदेश महामन्त्री, राकेश शुक्ला एवं विवेक वर्मा को उत्तर प्रदेश राज्य समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अरविंद शर्मा, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष



अखिलेश चन्द्र शुक्ल ,राष्ट्रीय अध्यक्ष



संजय चतुर्वेदी ,अध्यक्ष उत्तर प्रदेश



कमल श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव

मीडिया जगत में शीर्षस्थ चर्चित राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोसिएशन जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश चन्द्र शुक्ला जी हैं, जिन्होंने महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश प्रान्त में संगठन का पुनर्गठन एवं विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष, महाराष्ट्र ,अरविंद शर्मा संपादक हिंदी दैनिक भारत संवाद, प्रयागराज, लखनऊ,, मुम्बई संस्करण, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश संजय कुमार चतुर्वेदी, हिंदी दैनिक,सच कहूं ।उ प्र महासचिव,कमल श्रीवास्तव, संपादक हिंदी दैनिक कर्मठ,तथा उपाध्यक्ष आदि पदाधिकारियों का मनोनयन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा संगठन के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता एवं सक्रियता के आधार पर पदाधिकारियों का चयन किया गया है, हमारा विश्वास है कि नियुक्त पदाधिकारियों द्वारा संगठन को एक नई दिशा एवं पहचान बनाने में सफलता प्राप्त होगी। हमारी शुभकामनाएं सदैव सबके साथ है। सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपने दायित्व एवं कार्य में गुणोत्तर संवर्धन हेतु संकल्पबद्धता ज्ञापित किया है।

## अपनी नाक से प्याज न छीलें संजय राउत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण पर मुश्किल में फंसी बीजेपी ने उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत को आड़े हाथों लिया है। महाराष्ट्र बीजेपी ने कहा है कि संजय राउत बिहार में राहुल गांधी की दो हजार किलोमीटर लंबी यात्रा में शामिल होते हैं, लेकिन आजाद मैदान नहीं जाते। इसलिए संजय राउत को अपनी नाक से प्याज नहीं छीलना चाहिए। बीजेपी ने कहा है कि उप समिति को क्या करना चाहिए? संजय राउत को छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशजों को यह बताने का अधिकार नहीं है कि उन्हें क्या करना चाहिए। बीजेपी ने संजय राउत को चेतावनी देतेहुए कहा है कि अगर वह शांतिपूर्ण आंदोलन को भड़काएंगे तो फिर उन्हें जेल जाना पड़ेगा। बीजेपी की तरह से यह बयान पार्टी के मीडिया प्रमुख नवनाथ बन ने दिया है। बान ने कहा है कि औरंगजेब फैन क्लब के प्रवक्ता संजय राउत शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं। बीजेपी ने कड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा मराठा भाइयों की समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं।

## श्री रजनीश कुमार गोयल ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर का कार्यभार ग्रहण किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



श्री रजनीश कुमार गोयल भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरी सेवा (कफरएए) के 1991 बैच के वरिष्ठ अधिकारी ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले आप मध्य रेल में मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे।

श्री गोयल अत्यधिक कुशल हैं तथा आपको भारतीय रेल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का व्यापक अनुभव प्रा?त है। भारतीय रेल में ओपन एक्सेस के अग्रदूत के रूप में आपने इसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 10 वर्षों में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। श्री गोयल ने मध्य रेल के मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक का महत्वपूर्ण दायित्व संभाला है, जो भारतीय रेल के सबसे बड़े और व्यस्ततम मंडलों में से एक है। मध्य रेल के मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आपको प्लेटफॉर्मों पर भीड़भाड़ कम करने, पटरियों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अग्रणी कार्य करने और पटरियों पर पानी भर जाने के बावजूद उपनगरीय ट्रेन परिचालन को संभव बनाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में नवपरिवर्तनों के लिए याद किया जाता है। आपने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक (ऑनर्स) पूरा किया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से आपने ‍‍ॅपावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल मशीन और ड्राइव्सऱ में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है।

## पश्चिम रेलवे वटवा और रक्सौल के बीच चलाएगी त्योहार स्पेशल ट्रेन

### ट्रेन संख्या 05560/05559 उधना–रक्सौल के फेरे विस्तारित

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष तौर पर त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा माँग को पूरा करने के उद्देश्य से वटवा और रक्सौल के बीच विशेष किराए पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, उधना एवं रक्सौल के बीच विशेष किराए पर चलने वाली इस स्पेशल ट्रेन के फेरों को मौजूदा समय, ठहराव और संरचना के अनुसार विस्तारित किया आगे बढ़ाया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 05562/05561 वटवा रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल [32 फेरे]

ट्रेन संख्या 05562 वटवा रक्सौल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 23:30 बजे वटवा से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन शुक्रवार को 16:00 बजे रक्सौल पहुँचेगी। यह ट्रेन 17 सितंबर से 31 दिसंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05561 रक्सौल झ वटवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से 11:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20:00 बजे वटवा पहुँचेगी। यह ट्रेन 16 सितंबर से 30 दिसंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आणंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सीतामढी स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 05560/05559 उधना-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल के फेरे विस्तारित [26 फेरे] ट्रेन संख्या 05560 उधना-रक्सौल स्पेशल को 05 अक्टूबर से 28 दिसंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05559 रक्सौल-उधना स्पेशल को 04 अक्टूबर से 27 दिसंबर, 2025 तक मौजूदा समय, ठहराव और संरचना के अनुसार विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 05562 की बुकिंग एवं ट्रेन संख्या 05560 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 03 सितम्बर, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया ६६६.ील्ल०४१८.ल्ल्र्ल्लि१ह्ल्.ङ्ग५.ल्ल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## महाप्रबंधक, मध्य रेल ने 10 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार सम्मान प्रदान किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्म वीर मीना ने दिनांक 02.09.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में मध्य रेल के 10 कर्मचारियों, अर्थात मुंबई मंडल के 6, सोलापुर मंडल के 2 और नागपुर एवं पुणे मंडल के 1-1 कर्मचारी को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।

ये संरक्षा पुरस्कार संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन संचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए एक प्रशस्ति पत्र और ?2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।

पुरस्कार विजेताओं का विवरण

मुंबई मंडल

1. श्री एन प्रसाद, मोटरमैन, कल्याण, मुंबई मंडल ने दिनांक 30.07.2025 को खोपोली लोकल केपी-1 पर काम करते समय, किलोमीटर 74/26 पर एक असामान्य झटका महसूस किया और ट्रेन रोक दी। बारीकी से निरीक्षण करने पर पता चला कि रेल हेड टूटा हुआ है। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

2. श्री गंगेश कुमार, ट्रेन मैनेजर, सीएसएमटी, मुंबई मंडल, दिनांक 31.07.2025 को डोंबिवली लोकल डीएल-10 पर काम करते समय, किलोमीटर 41/0 पर एक ट्रैक मेंटेनर को पटरियों पर हाथ हिलाते और दौड़ते हुए देखा। खतरे को भांपते हुए, श्री गंगेश कुमार ने डाउन फास्ट लाइन पर आ रही कल्याण लोकल संख्या के-71 को तुरंत रोकने के लिए कदम उठाए। ट्रैक मेंटेनर ने दिवा-मुंब्रा खंड पर किलोमीटर 41/0 पर एक रेल फ्रैक्चर का पता लगाया था। श्री गंगेश कुमार की सतर्कता और त्वरित सोच ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

3. श्री विनोद कालू म्हात्रे, ट्रैक मेंटेनर, कल्याण, मुंबई मंडल, ने दिनांक 31.07.2025 को दिवा-मुंब्रा खंड पर ड्यूटी के दौरान किलोमीटर 41/0 पर एक रेल फ्रैक्चर देखा। उन्होंने ट्रैक की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए और सभी संबंधितों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद मिली।

4. श्री नरेश वसंत घारे, ट्रैक मेंटेनर, कर्जत, मुंबई मंडल, ने दिनांक 19.06.2025 को मानसून पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान ट्रैक फॉर्मेशन खिसका हुआ पाया। उन्होंने ट्रैक की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए और सभी संबंधितों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद मिली।

5. श्री राम अनंत मुने, ट्रैक मेंटेनर, नेरल, मुंबई मंडल, ने दिनांक 03.07.2025 को ड्यूटी के दौरान बदलापुर-वांगनी सेक्शन पर किलोमीटर 77/14 पर एक रेल फ्रैक्चर देखा। उन्होंने पटरी की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए और सभी संबंधितों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

6. श्री विशाल बंसोड़े, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर (ईएसएम), कलवा, मुंबई मंडल, ने दिनांक 26.06.2025 को सिग्नल अनुरक्षण ड्यूटी के दौरान किलोमीटर 36/140 पर पटरी में फ्रैक्चर देखा। उन्होंने तत्काल कदम उठाए और सभी संबंधितों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

सोलापुर मंडल

7. श्री मनीष कुमार, टेक्नीशियन (टीआरडी), कुदुर्वाड़ी, सोलापुर मंडल, ने दिनांक 06.07.2025 को फुट प्लेट निरीक्षण के दौरान बोरीबेल-मलठान खंड पर किलोमीटर 280/10-12 पर ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) का जी-जम्पर टूटा हुआ देखा। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

8. श्री विकास कुमार पंडित, टेक्नीशियन (टीआरडी), लातूर, सोलापुर मंडल ने दिनांक 22.07.2025 को हरंगुल यार्ड में निरीक्षण के दौरान एक मालगाड़ी के पेंटोग्राफ में असामान्य गति देखी। बारीकी से निरीक्षण करने पर पेंटोग्राफ प्लेट पर एक बड़ा गड्ढा दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

नागपुर मंडल

9. श्री नीलेश, पॉइंट्समैन, मालखेड, नागपुर मंडल ने दिनांक 01.08.2025 को ड्यूटी पर रहते हुए, एक मालगाड़ी के साथ सिग्नल एक्सचेंज के दौरान, एक वैगन में हॉट ऐक्सल देखा। उन्होंने तुरंत लाल झंडी दिखाई और स्टेशन मास्टर को सूचित किया। उनकी सतर्कता से एक संभावित दुर्घटना टल गई।

पुणे मंडल

10. श्री विश्वामित्र कुमार यादव, टेक्नीशियन (सी एंड डब्ल्यू), दौंड, पुणे मंडल ने दिनांक 15.08.2025 को एक मालगाड़ी की रोलिंग-इन जाँच के दौरान एक वैगन के सीबीसी कपलिंग में कुछ असामान्यता देखी। बारीकी से जाँच करने पर एक टूटे हुए योक का पता चला। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए और उनके कर्तव्यों के प्रति उनकी सतर्कता और समर्पण की सराहना करते हुए, महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता और समर्पण के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और जान-माल और रेल संपत्ति की हानि को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस-अजमेर के बीच स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष तौर पर त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस और अजमेर के बीच विशेष किराये पर चल रही स्पेशल ट्रेन के फेरों को मौजूदा समय, ठहराव और संरचना के अनुसार विस्तारित किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 09622/09621 बांद्रा टर्मिनस - अजमेर (साप्ताहिक) स्पेशल [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 09:35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08:50 बजे अजमेर पहुँचती है। इस ट्रेन के फेरों को 06 अक्टूबर से 1 दिसंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को अजमेर से 06:35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचती है। इस ट्रेन के फेरों को 05 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।



यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, विक्रमगढ़ आलोट, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, जयपुर और किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के डिब्बे हैं।

ट्रेन संख्या 09622 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 04 सितम्बर, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

### बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद लोकशक्ति एक्सप्रेस का सफाले स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 22927/22928 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद लोकशक्ति एक्सप्रेस का 04 सितंबर, 2025 से सफाले स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण इस प्रकार हैः बांद्रा टर्मिनस से 04 सितंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22927 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद लोकशक्ति एक्सप्रेस सफाले स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 21:07 बजे सफाले स्टेशन पहुँचेगी और 21:09 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, अहमदाबाद से 04 सितंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22928 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस लोकशक्ति सफाले स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 03:47 बजे सफाले स्टेशन पहुँचेगी और 03:49 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।।

### मराठाओं को ओबीसी कोटे में आरक्षण मिला तो करेंगे आंदोलन

#### छगन भुगबल ने देवेंद्र फडणवीस सरकार को दे दी चेतावनी

मुंबई : महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने मुंबई में ओबीसी नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने बड़ा बयान दिया। छगन भुजबल ने कहा है कि ओबीसी कोटे में किसी भी जाति को गैरकानूनी तरीके से शामिल नहीं किया


**पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस अजमेर के बीच विशेष ट्रेन के फेरे का विस्तार**

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | दौड़ का दिन | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस - अजमेर (साप्ताहिक) | सोमवार | 01.12.2025 |
| 09621 | अजमेर - बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक) | रविवार | 30.11.2025 |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www-enquiry-indianrail-gov-in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09622 की विस्तारित यात्राओं की बुकिंग 04-09-2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**पश्चिम रेलवे**

**व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी, मुंबई–400013 ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। सूचना क्रमांक : EL90/MX/2025-26/06 दिनांकरू 26.08.2025। कार्य का नाम। कार्य के दायरे के अनुसार, ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी में OEM के अधिकृत विक्रेता के माध्यम से 03 वर्षों के लिए 05 किर्लोस्कर निर्मित इलेक्ट्रिक चालित रोटरी LØ टाइप एयर कंप्रेशर्स का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। कार्य की अनुमानित लागत रू 2244914,60 ईएमडी रू 44900 निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय – 22.09.2025 12.00 बजे तक। (इलेक्ट्रॉनिक रूप से)। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखों। www.ireps.gov.in.

0553

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू/623/15, दि.: 29.08.2025**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदाएं आमंत्रित करते है।

| टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बयाना राशि |
|---|---|---|
| (1) 179/2025 नागदा–कोटा सेक्शन: टीएसआर (पी) –44.308 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 41.593 कि.मी. एण्ड मेन्युएल–2.715 कि.मी. इन्क्लूडिंग सब्सिडियरी वर्क विद बीसीएम. | ₹ 84412282.40 | ₹ 572100.00 |
| (2) 180/2025 कोटा डिविजन: प्रोविजन ऑफ बेलेंस फसिलिटीज फॉर दिव्यांगजन एट कोटा डिविजन इन दि जूरिरिडक्शन ऑफ डीईएन/ सेन्ट्रल फॉर 14 स्टेशन्स. | ₹ 17759833.18 | ₹ 238800.00 |
| (3) 181/2025 कोटा–बयाना सेक्शन: टीएसआर (पी) –111.779 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 108.319 कि.मी. एण्ड मेन्युएल–3.460 कि.मी. इन्क्लूडिंग सब्सिडियरी वर्क विद बीसीएम | ₹ 292550189.19 | ₹ 1612800.00 |
| (4) 182/2025 नागदा–मथुरा सेक्शन: रिकन्डिशनिंग ऑफ डब्लयूसीएमएस क्रॉसिंग 1 इन 12/1 इन 8.5, 60 केजी इन–सिटू वाय यूजिगं ट्रांसलेमेंटिक रोवोटिक वेंल्डर और अदर सिमीलर वेल्डिंग टेक्नोलॉजी टू गिव मिनिमम एक्सटेंन्डेड़ लाइफ ऑफ 80 जीएमटी ऑफ्टर रिकन्डिशनिंग. | ₹ 9340526.16 | ₹ 186800.00 |
| (5) 183/2025 आर बयाना–डुमरिया–पिलोदा सेक्शन: विलिंनिग ऑफ मैनहोल, इन्सपेक्शन चेम्बर, ड़ग वॅल, सेप्टिक टेंक, एण्ड सिवेज लाइन ऑफ रेलवे कॉलोनी फॉर टू ईयरस. | ₹ 676896.45 | ₹ 13500.00 |
| (6) 184/2025 आर सवाई माधोपुर स्टेशन–रिमोडलिंग ऑफ गुडस यार्ड लाइन नं. 1, 2, 3, 4 एण्ड 5 टू इनक्रिज सीएसएल | ₹ 5065389.65 | ₹ 101300.00 |

**टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय:** क्र. 1,2,3,5 व 6 के लिए–22.09.2025, 15.30 बजे, क्र. 4 के लिए–15.09.2025, 15.30 बजे. पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता.)

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), प.म.रे., कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# एसटी निगम के कब्जे में अतिरिक्त भूमि के तत्काल उपयोग को मंजूरी : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , राज्य सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी निगम) के कब्जे में अतिरिक्त भूमि के व्यावसायिक उपयोग के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुसार, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकसित की जा रही परियोजना की पट्टे अवधि 60 वर्ष से बढ़ाकर 98 वर्ष कर दी गई है। परिवहन मंत्री एवं एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने कहा कि इससे एसटी निगम की आय में वृद्धि होगी और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।मंत्री सरनाईक ने कहा कि सरकार की संशोधित नीति के अनुसार, एसटी की अतिरिक्त भूमि का विकास सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति से किया जाएगा और इसके लिए पट्टे की अवधि 49 वर्ष + 49 वर्ष, कुल 98 वर्ष होगी। इस अवधि के दौरान, संबंधित भूमि के व्यावसायिक उपयोग से उत्पन्न आय/व्यावसायिक क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा एसटी निगम को जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही, मुंबई महानगर क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति भूमि के विकास को आर्थिक रूप से लाभदायक बनाने और निगम के सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए, डीसीपीआर-2034 और यूडीसीपीआर-2020 के अनुसार व्यावसायिक उपयोग की अनुमति दी जाएगी। इस निर्णय से निगम के पास उपलब्ध बेकार पड़ी भूमि का उपयोगी उपयोग होगा, नई परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही, एसटी निगम को यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने में भी मदद मिलेगी जिससे उसे आर्थिक लाभ होगा।

# भांडुप की खानकाह महफि ल मंन्सूरिया में मनाई गई ईद मिलादुन्नबी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , भांडुप के खिड़ीपाड़ा में खानकाह महफि ल मंन्सूरिया में हर साल की तरह इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुबारक और तबर्रुकात की रूहानी महफि ल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हजरत सूफी अब्दुल नईम अता शाह कादरी चिश्ती अबुल-उलाई दामत बरकातहुं की सरपरस्ती में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम, सूफि या-ए-अजाम, मुरीदीन, मुतकि दीन और मर्द-ओ-ख़्वातीन शामिल हुए। ज़ियारत के लिए पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग कतारें लगाई गईं। ज़ियारत करते समय उपस्थित आशिकान-ए-रसूल ? का जोश-ओ-खरूश देखने लायक था। महफि ल में नात-ए-पाक पेश की गईं। इस मौके पर सूफी अब्दुल नईम अता शाह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पिछले 22 वर्षों से माह-ए-नूर की छठी पर यहां ज़ियारत-ए-मुए मुबारक का एहतिमाम किया जाता है। हर साल जायरीन की तादाद बढ़ती जा रही है। यह जलसा न सिर्फ. इश्क-ए-रसूल की अलामत है बल्कि मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम भी देता है। महफि ल में हजरत मोहम्मद के मुए मुबारक, जुल्फ-ए-अनवर, कमली-ए-मुबारक का टुकड़ा, गिलाफ-ए-काबा, रोजा-ए-अनवर के गिलाफ का टुकड़ा, हजरत अबूबकर सिद्दीक रज़ि, हजरत अली रज़ि, हजरत इमाम हसन रज़ि, हजरत इमाम हुसैन रज़ि के मुए मुबारक, बीबी फातिमा रज़ि के चादर का हिस्सा और गौस-ए-आजम हजरत अब्दुल कादिर जिलानी रज़ि के मुए मुबारक और खिर्का मुबारक सहित अनेक नादिर तबर्रुकात की ज़ियारत भी कराई गई। अंत में उपस्थित लोगों ने सलाम पेश किया। इसके बाद नईम मियाँ ने आलम-ए-इस्लाम और मुल्क में अमन-ओ-सलामती के लिए खास दुआ की। दुआ के बाद लंगर-ए-रसूल का इंतजाम किया गया और रात देर तक चली दुआ के बाद यह रूहानी जलसा इख़्तिताम को पहुँचा।

फास्ट ट्रैक

# विधवा महिला ने दुपट्टे से लगाई फांसी, मौत

## पहले भी कर चुकी थी सुसाइड की कोशिश, पुलिस जांच में जुटी



शाहजहांपुर, कलान के ब्रह्मदेव नगर (भर्रामई) में एक विधवा महिला ने आत्महत्या कर ली। अप्पो (42) ने अपने घर के बरामदे की छत के कुंडे में दुपट्टा डालकर फांसी लगा ली। पड़ोसियों ने शव को देखा और पीआरबी 112 व पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद और हल्का इंचार्ज यशपाल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटवाए। मृतका डभौरा में विवाहित थी और उसके पति का देहांत काफी समय पहले हो चुका था। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले भी अप्पो ने तालाब में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था। ग्रामीणों ने उसे बचा लिया था। प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया गया है।

# विद्युत खंभे से 30 दिन में तीसरी गाय की मौत

## गौरक्षकों ने पावर हाउस के सामने किया प्रदर्शन, बोले– जल्द से हो समस्या का समाधान



शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा के मोहल्ला मुगलान में एक विद्युत खंभे से तीसरी गाय की मौत हो गई है। इसी खंभे से पिछले 30 दिनों में दो अन्य गायों की भी करंट लगने से मौत हो चुकी है। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के कार्यकताओं ने पावर हाउस के सामने मृत गाय का शव रखकर प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने बताया कि विद्युत खंभे में करंट आने की शिकायत अधिकारियों से कई बार की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। विद्युत एसडीओ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि शिकायत के बाद भी विद्युत पोल का करंट सही न किए जाने की जांच की जाएगी। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाही होगी। प्रदर्शन की सूचना पर प्रशिक्षु सीओ आकृति पटेल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने गौरक्षकों से बात की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। विद्युत अधिकारियों को फटकार भी लगाई। दो घंटे के धरने के बाद मामला शांत हुआ। पंडित अजीत शर्मा ने चेताया कि इस खंभे से नागरिकों की जान को भी खतरा है। मृत गाय का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# वसई पूर्व की कंपनियाँ कर रही है जल प्रदूषण

## नाले में सीधे जहरीला पानी छोड़ने से दुर्गंध: नागरिकों में आक्रोश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



वसई पूर्व क्षेत्र में लगभग 300 से ज्यादा छोटी-बड़ी कंपनियाँ हैं। इनमें से कुछ कंपनियाँ बिना लाइसेंस के काम कर रही हैं। प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद, कुछ कंपनियाँ कानून का उल्लंघन कर बेहिचक प्लास्टिक का उत्पादन कर रही हैं। इन कंपनियों से निकलने वाले जहरीले रसायन पर्यावरण और आम नागरिकों के जीवन के लिए खतरा बन रहे हैं। इसके अलावा, इस पानी को प्राकृतिक नाले में छोड़े जाने से पर्यावरण को भी खतरा हो रहा है। सातीवली क्षेत्र की कई कंपनी से भारी मात्रा में रासायनिक पानी छोड़ा जाता है। रसायनों से युक्त यह जहरीला पानी खुले में, सड़क के किनारे और नाले में छोड़ा जा रहा है। इससे इस क्षेत्र का प्राकृतिक नाला दूषित हो गया है।इस कारखाने से हरे, पीले, नीले और लाल रंग का पानी प्राकृतिक नाले में छोड़ा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस बात पर रोष व्यक्त किया है कि इतनी बड़ी मात्रा में जहरीला पानी प्राकृतिक नाले में छोड़े जाने के बावजूद प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### आँखों में जलन, साँस संबंधी बीमारियाँ बढ़ीं:–

पिछले दो-तीन महीनों से वसई विरार मनपा क्षेत्र की कुछ फैक्ट्रियों से दूषित रसायन सीधे प्राकृतिक नाले में छोड़े जा रहे हैं।

इन दूषित रसायनों के कारण क्षेत्र में भारी मात्रा में दुर्गंध फैल रही है। इसका फैक्ट्री क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

कंपनी से निकलने वाले पानी से दुर्गंध आ रही है। कंपनियों के धुएँ के कारण क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को साँस लेने में तकलीफ, खांसी और आँखों में जलन जैसी कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। आश्चर्य इस बात पर व्यक्त किया जा रहा है कि वसई विरार मनपा और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### कहाँ हैं ये कंपनियाँ?

पूर्वी वसई में नवघर, वालिव, सातीवली, भोयदापाड़ा, अग्रवाल, गोलानी, धूमल नगर, नवजीवन, कामन, शांतिनगर, खैरपाड़ा, चिंचपाड़ा, चिंचोटी, तुंगारेश्वर, रिचर्ड कंपाउंड, मोरी, वाकनपाड़ा, गंगदीपाड़ा, गौराईपाड़ा, आदर्श इंडस्ट्रियल आदि कई जगहों पर सैकड़ों छोटी-बड़ी कंपनियाँ चल रही हैं। यहाँ की कई कंपनियों ने बिना अनुमति के ही अवैध रूप से काम कर रही हैं।

### स्थानीय निवासी जीतू पटेल का कहना है कि

रसायनों की बदबू फैल गई है। कुछ कंपनियों के जहरीले धुएँ ने जनजीवन दूभर कर दिया है। इलाके के निवासियों में कई श्वसन संबंधी बीमारियाँ देखी गई हैं, और समय रहते इस पर नियंत्रण किया जाना चाहिए। अन्यथा, भविष्य में बड़ी संख्या में निवासी बीमार पड़ जाएँगे।

# नीम की डाल गिरने से किसान की मौत

## खराब मौसम में शौच से लौटते समय हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, रायबरेली के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक किसान की मौत हो गई। मलियापुर निवासी 52 वर्षीय घनश्याम साहू शौच से लौट रहे थे। इसी दौरान खराब मौसम में तेज बारिश और आंधी के कारण नीम का पेड़ टूट गया। पेड़ की डाल के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण प्रीतम सिंह लोधी ने घटना की पुष्टि की। घटना की जानकारी नायब तहसीलदार डलमऊ वीरेंद्र कुमार और कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल को दी गई है।

# विरार में रो-रो बोट से कार समुद्र में गिरी ,2 यात्रियों को बचाया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



विरार के मारंबलपाड़ा घाट पर दोपहर करीब 2 बजे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। यहां रो-रो बोट से उतरते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे समुद्र में जा गिरी। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस, घाट पर मौजूद कर्मचारी और यात्रियों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कार में सवार दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड की ओर से प्रतिदिन विरार और जलसार के बीच रो-रो सेवा चलाई जाती है। इस सेवा का उपयोग सैकड़ों यात्री दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ यात्रा करने के लिए करते हैं। शनिवार को भी एक नाव जलसार से विरार घाट पहुंची थी। इसी दौरान एक चारपहिया वाहन का चालक, बोट से वाहन उतारते समय नियंत्रण खो बैठा। नतीजतन, वाहन सीधा घाट से समुद्र में जा गिरा। घटना होते ही वहां मौजूद यात्रियों, पुलिसकर्मियों और जेटी घाट स्टाफ ने बिना समय गंवाए बचाव कार्य शुरू कर दिया। कार समुद्र में डूबने ही वाली थी कि उससे पहले उसमें फंसे दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया। कुछ देर बाद कार को भी पानी से निकाल लिया गया। घटना के बाद घाट क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। हालांकि किसी की जान नहीं गई, लेकिन इस घटना ने रो-रो सेवा की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रो-रो बोट से वाहनों को उतारते और चढ़ाते समय सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन होना चाहिए। यदि बचाव कार्य में थोड़ी भी देर होती, तो यह घटना जानलेवा साबित हो सकती थी।

# नवी मुंबई पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए संविधान परिचय कार्यशाला संपन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ,नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत विभिन्न पुलिस थानों के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हाल ही में ऐरोली स्थित भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक में बड़े उत्साह के साथ 'संविधान परिचय कार्यशाला' का आयोजन किया गया। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में 'संविधान अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। इस अमृत महोत्सव संविधान महोत्सव के अंतर्गत, नवी मुंबई मनपा द्वारा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में नवी मुंबई को संविधान साक्षर बनाने के लिए 'घर-घर संविधान' अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ कार्यान्वित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत, मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जोन और विभागवार कार्यालयवार संविधान परिचय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसी का अगला चरण पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे के अनुमोदन के अनुसार, नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत विभिन्न पुलिस थानों के पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के लिए संविधान परिचय कार्यशाला का आयोजन था। इस अवसर पर, पूर्व चुनाव आयुक्त श्री जे.एस. सहारिया ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों, नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों तथा कानून के क्रियान्वयन में पुलिस बल की भूमिका पर विस्तृत जानकारी देते हुए संविधान का महत्व समझाया। इस शिविर से पहले, नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र के बेलापुर से दीघा तक महिला स्वयं सहायता समूहों की लगभग 800 सदस्यों को विभागवार संविधान परिचय कार्यशालाओं का आयोजन करके संवैधानिक रूप से साक्षर बनाया गया। समाज के विभिन्न वर्गों तक संविधान के महत्व और जानकारी पहुँचाकर नवी मुंबई को एक संविधान साक्षर शहर बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर ये कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं।

# मेडिकल कॉलेज का वार्ड ब्वॉय सूदखोरी में गिरफ्तार

## डेयरी संचालक से भाजपा पार्षद ब्याज में रोज ढाई किलो दूध वसूलता था, पीड़ित ने की थी सुसाइड की कोशिश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज का एक वार्ड ब्वॉय सूदखोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मोहम्मद शबाब को पुलिस ने गर्रा पुल से पकड़ा है। डेयरी संचालक आलम ने सूदखोरों से परेशान होकर 25 अगस्त को जहर खा लिया था। वर्तमान में उनका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पीड़ित की पत्नी अजरा बानो ने भाजपा पार्षद प्रदीप सक्सेना समेत 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बिजलीपुरा के डेयरी संचालक ने भाजपा पार्षद और अन्य सूदखोरों से कर्ज लिया था। कर्ज चुकाने के बाद भी आरोपी उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे। भाजपा पार्षद और एक सूदखोर ब्याज के रूप में रोजाना ढाई-ढाई किलो दूध वसूल रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि भाजपा पार्षद ने उनके बेटे की बुलेट भी छीन ली। पीड़ित ने 24 जून को भी पुलिस को शिकायत की थी। तब उन्होंने फांसी लगाने की कोशिश की थी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 25 अगस्त को जहर खाने के बाद भी पुलिस ने चार दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। आरोपियों में मंडी निवासी भाजपा पार्षद प्रदीप सक्सेना, दुर्गा टॉकीज निवासी मोहम्मद शबाब, बिजलीपुरा के नदीम, बांडीगांव के सलीम, सूजा, वेदराम वकील, सुमित्रा गुप्ता और दो अज्ञात शामिल हैं। इस मामले में जब चौक कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार से सीयूजी नंबर पर कॉल करके जानकारी लेने की कोशिश की तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तीन लाख रुपये ब्याज पर दिए थे। पूछताछ करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। विवेचना की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तिलहर चीनी मिल के कैजुअल कर्मचारियों का धरना

## 500 रुपए दैनिक वेतन समेत कई मांगों को लेकर बारिश में डटे कर्मचारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर में दी किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के कैजुअल कर्मचारियों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

कर्मचारी बारिश में भी मिल के मैदान पर बरसाती लगाकर अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि उन्हें 'कैजुअल कर्मचारी' की जगह 'दैनिक दिहाड़ी कर्मचारी' कहा जाए। वर्तमान में उन्हें 265 रुपए दैनिक वेतन मिलता है, जिसे बढ़ाकर 500 रुपए करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही त्योहारों पर अन्य कर्मचारियों की तरह छुट्टी की सुविधा चाहते हैं। कर्मचारियों ने वर्दी और जूते जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी मांग की है। उनका कहना है कि मिल में उनके लिए कैंटीन की व्यवस्था नहीं है। इमरजेंसी में गेट पास की सुविधा भी बंद कर दी गई है। धरना कर रहे कर्मचारियों का नेतृत्व संजय यादव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, कोई काम पर नहीं लौटेगा। दूसरी ओर, मिल के प्रधान प्रबंधक शैलेंद्र अस्थान का कहना है कि उन्होंने कर्मचारियों को वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन कोई नहीं आया।

# "Worldwide Tour & Travel Agencies: हज-उमराह से वर्क वीजा तक पूरा समाधान

## अब वीजा, टूर और काम की सेवाएँ एक ही छत के नीचे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

[शहर]। अब हज-उमराह, विदेश में नौकरी, वीजा और टूर पैकेज जैसी सभी जरूरतों का एक ही भरोसेमंद समाधान उपलब्ध है। Worldwide Tour Travel Agencies ने यात्रियों और नौकरी चाहने वालों के लिए व्यापक सेवाएँ शुरू की हैं।

एजेंसी द्वारा दी जा रही मुख्य सेवाएँ इस प्रकार हैं

हज और उमराह सेवा वीजा से लेकर रहने की व्यवस्था तक, यात्रियों की पवित्र यात्रा को आसान और सुकूनभरी बनाने की सुविधा।

वर्क वीजा सेवा सऊदी, कतर, ओमान और यूएई सहित खाड़ी देशों के लिए नौकरी के वीजा, पूरी पारदर्शिता और अनुभव के साथ।

वीजा और इमिग्रेशन सहायता पढ़ाई, यात्रा या स्थायी निवास के लिए वीजा की संपूर्ण जानकारी और प्रोसेसिंग।

वकाला सेवा (Wakala) हज, उमराह और वीजा से संबंधित अधिकृत वकाला सेवाएँ।

कंस्ट्रक्शन लेबर सप्लाई गल्फ और भारत में प्रोजेक्ट्स के लिए कुशल और अकुशल मजदूरों की उपलब्धता।

एयर टिकट और टूर पैकेज सस्ती दरों पर हवाई टिकट और पारिवारिक, हनीमून तथा ग्रुप टूर के विशेष पैकेज।

### एजेंसी के प्रतिनिधियों के अनुसार, उनकी सेवाओं की विशेषताएँ हैं

10 साल से अधिक का अनुभव
5000 से अधिक संतुष्ट ग्राहक
तेज और भरोसेमंद प्रोसेसिंग
पारदर्शिता और किफायती दरें
हर चरण पर व्यक्तिगत मार्गदर्शन

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
पता: [आपका पता]

# शाहजहांपुर में युवती से छेड़छाड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना सदर बाजार क्षेत्र में एक युवक ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की। पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, मोहल्ला रंगीन चौपाल का रहने वाला फैजान उर्फ फैजू पीड़िता के घर में घुस गया।

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**ई-निविदा सूचना संख्या: CPM-GSENGG-BRC-2025-26-01**
**रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 द्वारा कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**ई-निविदा संख्या:** CPM-GS-ENGG-BRC-2025-2026-01

**कार्य का नाम:** वडोदरा - गेरतपुर खंड: वडोदरा-गेरतपुर खंड पर किमी 471/16-18 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 294 के स्थान पर पहुँच मार्ग सहित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण।

**अनुमानित लागत:** ₹52,14,13,549.03 (बावन करोड़, चौदह लाख, तेरह हज़ार पाँच सौ उनचास और तीन पैसे मात्र)

**जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹27,57,100/- (सत्ताईस लाख, सत्तावन हज़ार, एक सौ मात्र)

**बोली लगाने के लिए ऑनलाइन निविदा की उपलब्धता:** 16.09.2025 को 11:00 बजे से 30.09.2025 को दोपहर 15 :00 बजे तक

**तकनीकी बोली खोलने की तिथि और समय:** 30.09.2025 को दोपहर 15:30 बजे

निविदा दस्तावेज़ की लागत (वापसी योग्य नहीं), बयाना राशि, पात्रता मानदंड, कार्य की समान प्रकृति, विस्तृत निविदा शर्तों सहित विस्तृत सूचना के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें। मैन्युअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

BRC159

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**भारत संवाद परिवार**

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अफगानिस्तान में फिर आया भूकंप, अबतक 1400 लोगों की मौत

## तालिबान ने दुनिया से मदद मांगी, भारत ने 15 टन खाने का सामान और 1000 टेंट भेजे

एजेंसी

काबुल, अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं।



इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है। एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) की इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं, चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर नांगरहार प्रांत में आया। जहां कई गांव मलबे में बदल गए।

यह इलाका राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। यह एक पहाड़ी इलाका है। जो भूकंप के लिए रेड जोन माना जाता है। जहां सहायता पहुंचाना भी मुश्किल है।

एनवाईटी की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। यहां सोमवार को 4.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया।


अल जजीरा के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में भी महसूस हुए। वहीं, भारत के गुरुग्राम में भी हल्के झटके महसूस किए गए।

# ट्रम्प के सलाहकार बोले-मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक

## उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए; यूएस वित्तमंत्री बोले- एससीओ बैठक दिखावा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए। इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत के



ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को ह्यरूस की धुलाई मशीनह्न कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है,

बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मॉस्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। फॉक्स न्यूज से बातचीत में बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। सोमवार को चीन के तियानजिन में एससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं को एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए भी देखा गया। इसके अलावा पीएम मोदी द्विपक्षीय बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन की कार में ही सवार होकर गए। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक गोपनीय बातचीत हुई। इन तस्वीरों को ट्रम्प के खिलाफ तीनों देशों की एकजुटता के तौर पर पेश किया गया। बैठक में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए।

# पूर्व अमेरिकी एनएसए का अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप

## पाकिस्तान में फैमिली बिजनेस बचाने के लिए भारत से रिश्ते खराब कर रहे ट्रम्प

एजेंसी



वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने राष्ट्रपति ट्रम्प पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोमवार को एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान से पर्सनल बिजनेस के लिए भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों को खराब किया है। सुलिवन ने कहा कि ट्रम्प के फैसले का नुकसान पूरे देश को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपने निजी फायदे के लिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ये ट्रम्प की विदेश नीति का वो पहलू है जिसे अभी तक नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प, अमेरिका की विदेश नीति से अलग हटकर पाकिस्तान और सेना प्रमुख असीम मुनीर को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अमेरिका हमेशा से भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहता है। भारत से अच्छे रिश्ते बनाने में अमेरिका को फायदा है। जेक सुलिवन ने यूट्यूब चैनल मीडासटच से बातचीत में कहा कि अमेरिका कई सालों से भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की कोशिश करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका को उसके साथ तकनीक, टैलेंट, आर्थिक मामलों और दूसरे कई मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहिए।


इसके साथ ही, चीन के रणनीतिक खतरों से निपटने के लिए भी भारत के साथ साझेदारी जरूरी है। सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ संबंधों को खत्म करने का ट्रम्प का कदम अपने आप में एक बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान है क्योंकि एक मजबूत अमेरिका-भारत संबंध हमारे हितों की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया का कोई भी देश अमेरिका पर निर्भर नहीं रह सकता और स्थिति को देखेगा। पाकिस्तान में काउंसिल 14 मार्च 2025 को पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) की स्थापना हुई थी। इसका मकसद देश को दक्षिण एशिया का क्रिप्टो हब बनाना था। अगले महीने 26 अप्रैल यानी कि पहलगाम हमले के सिर्फ 4 दिन बाद पीसीसी ने ट्रम्प परिवार से जुड़ी कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ एक समझौता किया था। वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में ट्रम्प परिवार (बेटे एरिक और डॉनल्ड ट्रम्प जूनियर और दामाद जेरेड कुशनर) की 60% हिस्सेदारी है। पाकिस्तान ने वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ ब्लॉकचेन तकनीक और क्रिप्टो को बढ़ावा देने का करार किया। कंपनी का दावा है कि वह पाकिस्तान में ब्लॉकचेन इनोवेशन, स्टेबलकॉइन और वित्तीय व्यवस्था को तेजी से लागू करने में मदद करेगी। पाकिस्तान जैसे देश के साथ समझौता होने का मतलब है कि करोड़ों लोगों वाले एक बड़े बाजार में इस कंपनी की एंट्री मिल गई। इस डील में पाकिस्तानी पीएम, सेना प्रमुख, डिप्टी पीएम, सूचना मंत्री, रक्षा मंत्री और वित्त मंत्री शामिल थे। वहीं, कपंनी की ओर से फाउंडर जैकरी फोकमैन और जैकरी विटकॉफ भी मौजूद थे। जैकरी मिडिल ईस्ट में ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ के बेटे हैं।

# अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

## पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा; रिपोर्ट- भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी

एजेंसी

तियानजिन, अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है। यह बयान उन्होंने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत ने एससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की



दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ऑपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की। भारत से संघर्ष थमने के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अजरबैजान का दौरा भी किया था। उन्होंने भारत के साथ सैन्य संघर्ष में समर्थन के लिए राष्ट्रपति अलीयेव को धन्यवाद भी दिया था। शहबाज के साथ सेना प्रमुख आसिम मुनीर, उप-प्रधानमंत्री इशाक डार और सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार भी अजरबैजान गए थे। अजरबैजान का उसके पड़ोसी देश आर्मेनिया के साथ नागोर्नो-कराबाख इलाके को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है।

# घुसपैठियों की अब खैर नहीं, हर राज्य में बनेंगे डिटेंशन सेंटर

## इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट के सख्त प्रावधान देश में लागू



अमित शाह

एजेंसी

भारत सरकार ने हाल ही में लागू इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के तहत विदेशियों के प्रवेश और ठहराव पर कई सख्त प्रावधान किए हैं। यह आदेश सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक व्यवस्था और संवेदनशील सीमाई इलाकों की सुरक्षा से जुड़ा है। यह प्रावधान स्पष्ट करता है कि भारत अब अपनी सुरक्षा नीतियों में किसी तरह का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि विदेशियों पर अगर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, जासूसी, बलात्कार और हत्या, आतंकवादी कृत्यों, बाल तस्करी या किसी प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होने का आरोप सिद्ध होता है तो उन्हें भारत में प्रवेश करने या रहने की अनुमति देने से मना किया जा सकता है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाल ही में लागू किए गए आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन विदेशियों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से समर्पित निरुद्ध केंद्र या हिरासत शिविर स्थापित करेगा, जब तक कि उन्हें निर्वासित नहीं कर दिया

**निर्दिष्ट सीमा सुरक्षा बल या तटरक्षक बल भारत में प्रवेश करने का प्रयास करने वाले अवैध आप्रवासियों को रोकने के लिए कदम उठाएंगे तथा केंद्र सरकार के निर्दिष्ट पोर्टल पर उनकी बायोमेट्रिक जानकारी और उपलब्ध जनसांख्यिकीय विवरण प्राप्त करने के बाद उन्हें वापस भेजेंगे।**

जाता। गृह मंत्रालय ने कहा कि जो भी विदेशी किसी भी श्रेणी के वीजा के लिए आवेदन करता है, जिसमें प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्डधारक के रूप में पंजीकरण भी शामिल है, उसे वीजा जारी करने वाली अथवा ओसीआई कार्डधारक के रूप में पंजीकरण प्रदान करने वाले प्राधिकरण को अपनी बायोमेट्रिक जानकारी देने की अनुमति देनी होगी, और यह प्रक्रिया वीजा या पंजीकरण दिए जाने से पहले पूरी की जाएगी। गृह मंत्रालय ने यह भी कहा कि यदि भारत में अवैध प्रवासियों को पकड़ा जाता है, तो उन्हें निर्वासन (देश से वापस भेजे जाने) की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी होल्डिंग सेंटर या शिविर में रखा जाएगा और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। हम आपको बता दें कि निर्दिष्ट सीमा सुरक्षा बल या तटरक्षक बल भारत में प्रवेश करने का प्रयास करने वाले अवैध आप्रवासियों को रोकने के लिए कदम उठाएंगे

# असम में हूं, चाहे तो जेल भेज दें...

## असम सीएम की टिप्पणी पर मौलाना महमूद मदनी का पलटवार

**मौलाना मदनी ने स्पष्ट किया अगर कोई विदेशी यहाँ पाया जाता है, तो उसे निर्वासित कर दिया जाए। हमें अवैध प्रवासियों से कोई सहानुभूति नहीं है। लेकिन जिन भारतीय नागरिकों को बेदखल किया गया है, उनका पुनर्वास किया जाना चाहिए। जहाँ बेदखली अपरिहार्य है, वहाँ सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का पालन बुनियादी मानवीय संवेदना के साथ किया जाना चाहिए।**

एजेंसी




जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने आज गुवाहाटी के होटल आरकेडी में एक खचाखच भरे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए असम में सरकार की हालिया कार्रवाइयों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ये कदम न केवल अमानवीय हैं, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का भी उल्लंघन हैं। कई प्रभावित इलाकों के अपने दौरे का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने अपनी आँखों से लोगों के चेहरों पर निराशा और लाचारी देखी। सबसे दर्दनाक बात सिर्फ.तोड़फोड़ नहीं, बल्कि अपमान है, एक पूरे समुदाय को 'मियाँ' और 'संदिग्ध' जैसे अपमानजनक शब्दों से पुकारा जा रहा है। मौलाना मदनी ने स्पष्ट किया अगर कोई विदेशी यहाँ पाया जाता है, तो उसे निर्वासित कर दिया जाए। हमें अवैध प्रवासियों से कोई सहानुभूति नहीं है। लेकिन जिन भारतीय नागरिकों को बेदखल किया गया है, उनका पुनर्वास किया जाना चाहिए। जहाँ बेदखली अपरिहार्य है, वहाँ सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का पालन बुनियादी मानवीय संवेदना के साथ किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी का ज़िक्र करते हुए कि वे मदनी को बांग्लादेश भेज देंगे, जमीयत अध्यक्ष ने कहा मैं कल से असम में हूँ। अगर वह चाहें, तो मुझे भेज सकते हैं। लेकिन अगर ऐसी धमकी किसी ऐसे व्यक्ति को दी जा सकती है जिसके पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में छह बार कारावास सहा हो, तो आम मुसलमानों का क्या होगा? मुख्यमंत्री के इस दावे पर कि वे ₹डरते नहीं₹ हैं, मदनी ने कहा, वे एक राज्य के मुखिया हैं, उन्हें डरने की क्या जरूरत है? मैं तो बस एक आम नागरिक हूँ, उनके शब्दों में 'शून्य', फिर भी मुझे भी डरने की कोई जरूरत नहीं है। असली मुद्दा यह है कि नफरत और दुश्मनी फैलाने वालों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है। भारत की सभ्यता हजारों साल पुरानी है। जो कोई भी इसे नफरत से बदनाम करता है, उसे यहाँ रहने का कोई हक नहीं है। ऐसे लोगों के लिए पाकिस्तान चले जाना ही बेहतर होगा। नामघरों (सामुदायिक प्रार्थना स्थलों) को हुए नुकसान के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि नामघर और मस्जिद, दोनों ही असम की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग हैं

# क्या आपको कन्नड़ आती है... सीएम सिद्धारमैया के सवाल पर राष्ट्रपति मुर्मू का शानदार जवाब

**राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए, सिद्धारमैया ने मुस्कुराते हुए पूछा कि क्या आप कन्नड़ जानते हैं? हँसते हुए कहा कि मैं कन्नड़ बोलता हूँ। इस सवाल पर दर्शकों में ठहाके गूंज उठे। अपने जवाब में, राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वीकार किया कि कन्नड़ उनकी मातृभाषा नहीं है, लेकिन उन्होंने भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति गहरी प्रशंसा व्यक्त की।**



एजेंसी

राष्ट्रपति की मैसूर यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच भाषा पर एक दोस्ताना बातचीत ने ध्यान खींचा। यह बातचीत अखिल भारतीय वाणी एवं श्रवण संस्थान (एआईआईएसएच) के हीरक जयंती समारोह में हुई, जहाँ राष्ट्रपति मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए, सिद्धारमैया ने मुस्कुराते हुए पूछा कि क्या आप कन्नड़ जानते हैं? हँसते हुए कहा कि मैं कन्नड़ बोलता हूँ। इस सवाल पर दर्शकों में ठहाके गूंज उठे। अपने जवाब में, राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वीकार किया कि कन्नड़ उनकी मातृभाषा नहीं है, लेकिन उन्होंने भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति गहरी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹मैं माननीय मुख्यमंत्री को बताना चाहूँगी कि हालाँकि कन्नड़ मेरी मातृभाषा नहीं है, फिर भी मैं अपने देश की सभी भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं का बहुत सम्मान करती हूँ। मैं उनमें से प्रत्येक का बहुत सम्मान करती हूँ।

# राहुल गांधी विदेशी हितों के लिए जीते हैं :गिरिराज सिंह

## हाइड्रोजन बम वाले बयान पर पर गिरिराज सिंह का पलटवार

**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' संबंधी 'हाइड्रोजन बम' बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों के साथ मिलकर भारत में आंतरिक कलह पैदा करने और विदेशी हितों के लिए काम करने का आरोप लगाया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशहित में बताया। यह राजनीतिक वाकयुद्ध राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के समापन के बाद गरमा गया है।**

एजेंसी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर उनकी कड़ी आलोचना की और उन पर जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया, जो कथित तौर पर भारत में आंतरिक कलह पैदा करना चाहते हैं। यह टिप्पणी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा को एक आसन्न खुलासे की चेतावनी देने के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जल्द ही वोट चोरी के अपने आरोपों से संबंधित एक



हाइड्रोजन बम छोड़ेंगे। कांग्रेस सांसद के बयान के बाद, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता विदेशी हितों के लिए जीते हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए जीते हैं। एएनआई से बात करते हुए, गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के लिए जीते हैं। राहुल गांधी विदेशी हितों के लिए जीते हैं... वे जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों के साथ काम करते हैं जो भारत में आंतरिक कलह चाहते हैं... कभी-कभी ऐसा लगता है कि वे भारत के नागरिक हैं भी या नहीं। सोमवार को, 'मतदाता अधिकार यात्रा' के आखिरी दिन एक सभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने भाजपा को एक आसन्न खुलासे की चेतावनी देते हुए कहा कि वह जल्द ही वोट चोरी के अपने आरोपों पर एक हाइड्रोजन बम छोड़ेंगे, क्योंकि महादेवपुरा के बारे में जो दिखाया गया वह सिर्फ.एक परमाणु बम था। गांधी ने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए कहा कि ₹महात्मा गांधी की हत्या करने वाली ताकतें अब भारत के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 16 दिनों तक चलने वाली 'मतदाता अधिकार यात्रा' का उद्देश्य मतदाता अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कथित ₹वोट चोरी₹ और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं का विरोध करना है।

## संक्षेप

### गन्ना किसानों को मिली नई तकनीक

**बसौढ़ी चीनी मिल में 3 हेक्टेयर में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम लगा, पानी की होगी बचत**

सुलतानपुर, बसौढ़ी में किसान सहकारी चीनी मिल ने गन्ना की खेती में आधुनिक तकनीक को अपनाया है। मिल ने यूपी माइक्रो इरीगेशन पोर्टल पर पंजीकृत गुजरात की टू वैल्यू इरीगेशन कंपनी के माध्यम से 3 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम स्थापित किया है। कंपनी ने गन्ने के खेत में उच्च तकनीकी उपकरणों का प्रयोग किया है। इनमें सैंड फिल्टर, डिस्क फिल्टर, प्रेशर गेज, एयर रिलीज वाल्व और हाइड्रोसाइक्लोन शामिल हैं। कंपनी के स्टेट हेड सुरेश कुमार यादव और जिला प्रतिनिधि मनीष कुमार पाठक ने बताया कि इस सिस्टम से गन्ने की उपज बढ़ेगी और पानी की बचत होगी। सिस्टम की स्थापना के बाद थर्ड पार्टी के साथ जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह और वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। जिला उद्यान अधिकारी ने आशा जताई कि इस पहल से प्रेरित होकर जिले के अन्य गन्ना किसान भी अपने खेतों में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम लगाएंगे।

### सपा सांसद राम भुलाल निषाद के निलंबन की मांग

**जेडीयू नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा, एसपी से की सांसद को ढूंढने की मांग**

सुलतानपुर, सपा सांसद राम भुआल निषाद के क्षेत्र से गायब रहने का मामला तूल पकड़ रहा है। जेडीयू प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौंपा। राष्ट्रपति को भेजे पत्र में कहा गया है कि सांसद निर्वाचित होने के बाद से न तो उनका स्थाई कार्यालय है और न ही कोई प्रतिनिधि। जिले की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। एसपी को दिए पत्र में जेडीयू नेता ने लिखा कि सांसद के कार्यालय और प्रतिनिधि का कहीं पता नहीं चल रहा है। सपा कार्यालय से भी कोई जानकारी नहीं मिली। जेडीयू के प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय ने मीडिया से कहा कि सवा साल बीत जाने के बाद भी सांसद जनता से दूर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से सांसद को निलंबित करने की मांग की है।

### विवाहिता की मौत

**कमरे में बेड पर मिला शव, बाहर से लॉक था रूम, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप**

सुलतानपुर, मलिकपुर नोनरा जगरिया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। अवधेश विश्वकर्मा की पत्नी गायत्री (26) का शव उनके घर में बंद कमरे के अंदर बेड पर मिला। कमरे का दरवाजा बाहर से कुंडी लगी होने के कारण जेठानी रोली को खोलना पड़ा। शव को देखते ही उसकी चीख-पुकार से परिजन और ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका गायत्री की शादी 20 अप्रैल 2023 को हुई थी। वह एक 4 माह की बच्ची की मां थी।

# छात्रा ने खुद को मारी गोली

## पिता की लाइसेंसी पिस्टल से कंधे पर वार, प्रेम प्रसंग में उठाया कदम

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



प्रयागराज, करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर मोहल्ले में एक छात्रा ने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही घरवाले भागकर कमरे में पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में छात्रा को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती करा दिया जहां छात्रा हालत अभी अभी बनी गई है। छात्रा न जिस वक्त पिता की पिस्टल उठाई उसके हांथ कांप रहे थे। लेकिन छात्रा ने पिस्टल से बाएं कंधे के नीचे गोली मार ली। गोली आर पार हो गई। घर वालो ने गोली की आवाज सुनकर कमरे में पहुंचे तो बेटी जमीन पर तड़प रही थी। घटना के दौरान घरवाले घबरा गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी और उसे अस्पताल लेकर भागे। मूल रूप से मध्यप्रदेश के रीवा त्यौंथर बाबूपुर के रहने वाले धर्मराज सिंह आर्मी से रिटायर्ड है। वह प्रयागराज के करेली थाना क्षेत्र के सरियापुर मोहल्ले में मकान बनवाकर अपने परिवार के साथ रहते हैं।

वह आर्मी से रिटायर्ड होने के बाद नैनी के राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते है। पिता के मुताबिक ड्यूटी से लौटने के बाद वह घर आए और अपने पिस्टल पलंग पर रख दिए। इसके बाद उनकी बेटी मुस्कान 21 वर्ष पहुंची और पिता की लाइसेंसी पिस्टल उठाकर खुद को गोली मार ली। घरवालों के मुताबिक बेटी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वहीं अस्पताल में मौजूद एसआई के मुताबिक लव अफेयर का मामला है। जिसको लेकर छात्रा ने यह कदम उठाया है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# प्रयागराज के 'स्वाति हॉस्पिटल' समेत 4 अस्पताल सील

## 5 साल की बच्चे की इलाज के दौरान हुई थी मौत, परिजनों ने किया था हंगामा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




प्रयागराज, ममफोर्डगंज स्थित स्वाती हास्पिटल समेत चार अस्पताल व पैथालाजी को आज मंगलवार को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज छापेमारी की। यहां 2 दिन पहले ही एक पांच साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया था और हंगामा भी किया था। इसकी शिकायत भी स्वास्थ्य विभाग में की गई थी। सीएमओ डॉ. एके तिवारी के निर्देशन में एक टीम स्वाति हास्पिटल में छापेमारी और जांच करने पहुंची थी। यहां अस्पताल के पैनल में कोई बाल रोग विशेषज्ञ नहीं मिला। इसके बाद अस्पताल को तत्काल सील कर दिया गया। टीम में एसीएमओ डॉ. आरसी पांडेय व अन्य रहे। इसी तरह टीम हरखपुर महरौडा स्थित अपना हास्पिटल पहुंची थी। पता चला कि यह हास्पिटल बिना पंजीकरण के ही चल संचालित किया जा रहा है। इसे भी सील कर दिया गया। इसके बाद एक शिकायत को संज्ञान लेते हुए टीम गौरीगंज बाजार स्थित विवेक मेडिकल क्लिनिक का निरीक्षण करने पहुंची। संचालक क्लिनिक छोड़ गायब हो गया। इस मेडिकल क्लिनिक को सील कर दिया गया। इसी क्रम में न्यू प्रीति हास्पिटल ददौली, मऊआइमा का निरीक्षण किया गया। यहां पर अनाधिकृत रूप से हास्पिटल के अंदर पैथालॉजी चल रहा था जिसे सील कर दिया गया।

बिना नवीनीकरण के न्यू प्रीति हास्पिटल के संचालन पर ओटी और ओपीडी चैंबर सील करते हुए अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है।

# बारिश से जलभराव



**तकिया मोहल्ले में डेढ़ फीट पानी, कई सरकारी कार्यालय डूबे, आने वाले दिनों में भारी बारिश का अलर्ट**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अमेठी जिला, अमेठी में पिछले चार दिनों से जारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। दोपहर लगभग 3 बजे हुई बारिश से तकिया मोहल्ले में डेढ़ फीट तक पानी भर गया। बारिश के कारण कई घरों में पानी घुस गया है। सरकारी कार्यालयों में भी जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहने की संभावना है। पूरे कस्बे में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। नगर पंचायत द्वारा जल निकासी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

# डीएम पहुंचे सी.एच.सी जयसिंहपुर, 9 कर्मी मिले अनुपस्थित

## रजिस्टर में केवल एक की इंट्री, कारण बताओ नोटिस जारी; सैलरी रोकने के निर्देश

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सुलतानपुर, जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को डीएम कुमार हर्ष ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में 32 कर्मचारियों में से 9 अनुपस्थित मिले। हालांकि, ड्यूटी रजिस्टर में केवल एक कर्मचारी को अनुपस्थित दिखाया गया था। डीएम ने एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण किया। रेडियोलॉजिस्ट ने बताया कि दिन में 12 एक्स-रे किए गए। ओपीडी में मरीज मीना कुमारी ने बताया कि कुछ दवाएं अस्पताल से मिलीं और कुछ बाहर से खरीदनी पड़ीं। स्वास्थ्य केंद्र में कई कमियां मिलीं। ड्रेसिंग रूम में साफ-सफाई नहीं थी। औषधि वितरण कक्ष में वॉशबेसिन गंदा था। रेफ्रिजरेटर का तापमान मानक के अनुरूप नहीं था। स्टॉक रूम में हेपेरॉन और ओबीडॉन दवाओं का स्टॉक रजिस्टर से मेल नहीं खाता था। डेंगू वार्ड में जनरल वार्ड के मरीजों को भर्ती पाया गया। भर्ती मरीजों को नाश्ते में खिचड़ी दी गई थी। डॉक्टरों को मरीजों के भोजन का मेन्यू तक नहीं पता था। लेबर रूम का अटेंडेंट रामसरण भी अनुपस्थित मिला। डीएम ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में पाई गई कमियों के लिए संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए।

# खेरौना में बारिश से ग्रामीण बाजारों में भरा पानी



**20-25 मिमी वर्षा से दुकानें प्रभावित, नरैनी में कच्चा मकान गिरा**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अमेठी जिला, क्षेत्र में लगभग 20 से 25 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस भारी बारिश के कारण ग्रामीण बाजारों में जलभराव हो गया। खेरौना बाजार और मिश्रौली के पास स्थित बाजारों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों को पानी से होकर आना-जाना पड़ा। कई लोगों को अपने जूते हाथ में लेकर चलना पड़ा। स्थानीय निवासी ग्रामीण विकास शुक्ला, ममता मिश्रा और सीमा गुप्ता ने बताया कि उनके पड़ोस के बाजार क्षेत्र में पानी भर जाने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश का असर नरैनी गांव में भी देखा गया, जहां एक कच्चा मकान गिर गया।

# अमेठी में सड़क सुरक्षा अभियान

## बिना हेलमेट पेट्रोल पंप से नहीं मिलेगा ईंधन, एक महीने तक चलेगा अभियान

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक नया अभियान शुरू किया गया है। 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेश बाबू गुप्ता ने इस अभियान की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर को कम करना है। अभियान के तहत जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं। वे बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देंगे। यह नियम चालक और पीछे बैठने वाले यात्री दोनों के लिए लागू है। अधिकारी ने कहा कि यह व्यवस्था लोगों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित करेगी। इससे दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोटों से बचाव होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि हेलमेट का प्रयोग सिर्फ यातायात नियम का पालन नहीं है। यह जीवन की सुरक्षा का सबसे सरल उपाय भी है। हर व्यक्ति को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए इस नियम का पालन करना चाहिए।

# बैंक कर्मचारी के बेटे का शव मिला

## घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने सूचना दी, विवाद होने पर पत्नी मायके चली गई थी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अलीगढ़, अलीगढ़ के गांधीपार्क थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बैंक कर्मी के बेटे का शव उसके घर में पड़ा मिला। पड़ोसियों को जब घर के अंदर से दुर्गंध आई और घर में किसी तरह की आवाजाही नहीं दिखी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पड़ोसियों की सूचना पाकर गांधीपार्क पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घर के अंदर घुसी। घर के अंदर युवक का शव पड़ा हुआ था और वह सड़ने की स्थिति में आ गया था। शव को देखकर लग रहा था कि वह कई दिन पुराना है। जबकि मृतक की पत्नी जो उसके साथ रहती थी, वह घर से गायब थी। मूल रूप से गोधा थाना क्षेत्र के गांव जलेसर निवासी श्याम सुंदर पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर हैं। रिटायरमेंट के बाद वह गांव में रहते हैं। उनका बेटा बिजेंद्र कुमार (45) अपनी पत्नी और बेटी के साथ गांधीपार्क थाना क्षेत्र के अंबेडकर कालोनी में रहता था। बताया जा रहा है कि लगभग 10 दिन पहले बिजेंद्र का अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद पत्नी अपनी बेटी को लेकर मायके चली गई थी। इसके बाद से बिजेंद्र घर पर अकेला था। जब घर से बदबू आई तो पड़ोसियों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजेंद्र की मौत की सूचना उसके परिवार को दी। जिसके बाद पिता समेत अन्य लोग अलीगढ़ आए, उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बहू घर पर नहीं थी, तो उन्होंने आशंका जताई है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। वहीं परिवार की आशंका को देखते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि मृतक बिजेंद्र नशे का आदी था। यही कारण है कि उसका अपनी पत्नी से आए दिन झगड़ा होता रहता था। शादी के बाद से दोनों की कोई संतान भी नहीं थी, इसलिए उन्होंने अपने रिश्तेदारों की एक बच्ची को 4 साल पहले गोद लिया था। तीनों को अलीगढ़ में ही रहते थे। जबकि परिवार के अन्य लोग गांव में रहते थे। पुलिस मृतक की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है। गांधीपार्क थाना प्रभारी राजवीर परमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर मारपीट या घाव जैसे कोई निशान नहीं मिले हैं।

# बिजली विभाग की गाड़ी ने महिला को टक्कर मारी

## गुस्से में महिलाओं ने ड्राइवर को पीटा, मथुरा के रावल गांव में दर्शन करने आई थी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मथुरा, थाना जमुनापार क्षेत्र स्थित रावल गांव में स्थित राधारानी के मंदिर पर दर्शन करने आई महिला श्रद्धालु के पैर पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखी गाड़ी का पहिया चढ़ गया। जिससे उनके साथ चल रही महिला श्रद्धालु आक्रोशित हो गई और उन्होंने ड्राइवर की मजामत कर दी। सोमवार को हुई इस घटना का वीडियो मंगलवार को वायरल हो गया। रावल गांव में राधाष्टमी के बाद दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। इसी दौरान वहां एक उत्तर प्रदेश सरकार डीवीवीएनएल लिखी गाड़ी पहुंची। गाड़ी चालक भीड़ अधिक होने के बावजूद भी उसे मंदिर की तरफ ले जाने लगा। जिससे उसकी गाड़ी का पहिया एक महिला के पैर पर चढ़ गया। जिसका वीडियो मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। महिला श्रद्धालु के पैर पर गाड़ी चढ़ने से वह चीख पड़ी। जिसके बाद उनके साथ अन्य महिला श्रद्धालु आक्रोशित हो गईं और उन्होंने गाड़ी चला रहे ड्राइवर को पकड़ लिया। महिलाओं ने ड्राइवर पर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। महिलाएं ड्राइवर को गाड़ी से बाहर निकलने के लिए कहती रहीं, लेकिन वह बाहर नहीं निकला। जिससे महिलाओं का गुस्सा और ज्यादा बढ़ गया।

# गहने चोरी के दो आरोपियों को कोर्ट से सजा

## एक को 3 साल और दूसरे को 2 साल की कैद, जुमार्ना भी लगाया

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




सुलतानपुर, सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने अमेठी थाना कमरौली क्षेत्र में हुई चोरी के मामले दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। आरोपी आतिफ उर्फ अत्तू को तीन साल की कैद और दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। सह-आरोपी राजन कौशल को दो साल की कैद और एक हजार रुपये का जुमार्ना देना होगा। ग्राम पलिया पश्चिम के दिनेश कुमार ने थाना कमरौली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी माता फूलकली, छोटी बहन अनीता और बड़ी बहन रीता के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए थे। साथ ही करीब 15 हजार रुपये की नगदी भी चोरी हुई थी। चोरी के बाद गांव से लगभग 200 मीटर दूर नहर के किनारे से दो बक्से बरामद हुए थे।

# आयकर भरने वाले भी ले रहे मुफ्त राशन

## जिले में 28 हजार से ज्यादा संदिग्ध राशनकार्ड, घर-घर जाकर होगा सत्यापन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। आधार और पैन नंबर के सॉफ्टवेयर मिलान में पता चला कि जिले में 826 ऐसी महिलाएं राशन ले रही हैं, जिनके पति कंपनियों के मालिक हैं और नियमित रूप से आयकर जमा करते हैं। पूर्ति विभाग ने जांच शुरू कर दी है। सत्यापन के बाद अपात्र कार्डों को निरस्त कर वास्तविक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा। जिले में कुल 28,678 संदिग्ध राशनकार्ड धारक चिन्हित किए गए हैं। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने राशनकार्ड धारकों का डेटा आयकर विभाग, सड़क परिवहन मंत्रालय और कारपोरेट कार्य मंत्रालय से मिलान कराया। जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। 847 लोगों के पास 5 एकड़ से अधिक जमीन है। 12,455 लोगों की वार्षिक आय दो लाख से ज्यादा है।

476 की सालाना आय तीन लाख से ऊपर है। 56 व्यवसायियों का वार्षिक टर्नओवर 25 लाख रुपए से अधिक है। 1,619 लोग मोटरसाइकिल के मालिक हैं। केंद्र सरकार ने ब्लॉकवार सूची जिला पूर्ति विभाग को भेज दी है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी, एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई, ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय - 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक - डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता - आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक - माता प्रसाद शर्मा, फिल्म - संपादक - जगन्नाथ तिवारी